Weather Report

अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.

जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 10 अंक: 259 जयपुर, मंगलवार, 20 फरवरी 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: ` 1.50



अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे


### पूर्व मंत्री मालवीय ने भाजपा जॉइन की

## विधायक पद से इस्तीफा दिया, बोले- कांग्रेस ने राम मंदिर जाने से रोका था

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। बागीदौरा (बांसवाड़ा) से कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने भारतीय जनता पार्टी जॉइन कर ली है। पार्टी जॉइन करते ही उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। वे दोपहर करीब 2 बजे जयपुर के बीजेपी कार्यालय पहुंचे थे। यहां भाजपा नेताओं की मौजूदगी में उन्होंने बीजेपी की सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने उन्हें भाजपा जॉइन कराई। भाजपा जॉइन कराने के बाद मालवीय ने मांग की कि मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया जाए। दरअसल, पिछले तीन दिनों से मालवीय दिल्ली में डटे थे और लगातार बीजेपी के नेताओं के संपर्क में थे। रविवार को उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उन्हें शाह से मिलाने लेकर गए थे। भाजपा जॉइन करने के बाद उन्होंने कहा कि 1977 में गांव से पैदल चल कर आया। एक दिन में 50 किलोमीटर तक का सफर किया। विश्व हिंदू परिषद जॉइन किया। एबीवीपी के बैनर पर प्रेसिडेंट बना, एबीवीपी के बैनर से वाइस प्रेसिडेंट बना। मुझे अब भाजपा में आने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि सरपंच एक दिन भी नहीं रहा और प्रधान बन गया। प्रधान रहते हुए एमपी बना। भाजपा ने सहयोग किया, लेकिन कांग्रेस ने मौका नहीं दिया। दो बार जिला प्रमुख बना। 4 बार विधायक रहा हूं।



### राजस्थान कांग्रेस को बड़ा झटका

मालवीय के भाजपा जॉइन करने से प्रदेश की राजनीति में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के बड़े नेता और सीडब्ल्यूसी मेंबर महेंद्रजीत सिंह मालवीय दक्षिणी राजस्थान में बड़ा आदिवासी चेहरा माने जाते हैं। उनके जाने से आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की मुश्किलें और बढ़ेंगी। सूत्रों की मानें तो बीजेपी ने लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान में ऑपरेशन लोटस की शुरुआत कर दी है। इसी के तहत आदिवासी क्षेत्र के बड़े नेता मालवीय की एंट्री करवाई गई है।

### कांग्रेस ने राम मंदिर जाने से रोका

मालवीय ने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में जाने से जब कांग्रेस पार्टी ने मना कर दिया, तब मुझे सबसे ज्यादा ठेस लगी। अगर मुझे अपने क्षेत्र का विकास करना है तो भाजपा के अलावा आदिवासी अंचल में काम करने वाला कोई नहीं है। पीएम मोदी की नीतियों ने मुझे प्रभावित किया है।

### विधानसभा की सदस्यता जानी तय थी

मालवीय कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने थे। वे भाजपा में शामिल हो गए हैं, इसलिए दल-बदल विरोधी कानून के तहत विधानसभा से उनकी सदस्यता जानी तय थी। मालवीय के इस्तीफ़े के बाद बांसवाड़ा जिले की बागीदौरा विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना तय है। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के साथ इस सीट पर उपचुनाव हो सकते हैं।

### मालवीय अब न विधायक बनेंगे, न ही सांसद

महेंद्रजीत सिंह मालवीय के बीजेपी में शामिल होने पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि मालवीय जैसे लोगों के जाने से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा बल्कि पार्टी और मजबूत होगी। पिछली बार जब ये जीते तो इनकी शिकायतें आई थीं, इन्होंने स्पष्टीकरण दिया। अबकी बार भी इन्होंने सबको हराने का प्रयास किया। लेकिन रमिला, बामनिया, घोघरा और निनामा जीतकर आ गए। इसी कारण पिछली बार पार्टी ने इन्हें ढाई साल तक मंत्री नहीं बनाया था। आदिवासी और पुराने कांग्रेसी समझकर इस बार टिकट दिया। डोटासरा ने कहा- इनको पता था कि इस बार इनको कांग्रेस से टिकट नहीं मिलेगा। इसलिए अपने अस्तित्व को बचाने की कुचेष्टा इन्होंने की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी राम मंदिर का विरोध नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से राम मंदिर बना है। मालवीय राम मंदिर का बहाना बनाकर गए हैं क्योंकि उनका जनाधार खत्म हो चुका है। उनकी संदिग्ध गतिविधियों का जनता को पता लग गया है। अब ये न विधायक बनेंगे, न ही कभी सांसद। ऐसे व्यक्ति के जाने से कोई असर नहीं होगा। इतने बड़े नेता होते तो इन्हें 3 दिन दिल्ली में धक्के क्यों खाने पड़े। जयपुर आकर क्यों जॉइन करना पड़ा। अगर भाजपा कह रही थी कि 5 साल के कामों की जांच करवाएंगे, तो क्या इनकी भी जांच होगी।

### राहुल गांधी के खिलाफ कोर्ट में परिवाद

## पीएम मोदी की जाति को लेकर दिए बयान के खिलाफ परिवाद पेश, 23 को सुनवाई

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ जयपुर की निचली अदालत में परिवाद पेश हुआ है। एडवोकेट विजय कलंदर ने राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद पेश किया है। परिवाद में कहा गया है कि राहुल गांधी के पीएम मोदी की जाति के खिलाफ दिए बयान से विभिन्न वर्ग व समुदायों में अविश्वास का भाव पैदा हुआ है। परिवाद में राहुल गांधी की न्याय यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ में दिए गए बयान का हवाला दिया गया है। इसमें कहा गया है कि राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ में कहा था कि पीएम मोदी जन्मजात ओबीसी नहीं हैं। उनका जन्म ओबीसी वर्ग में नहीं हुआ था। उनके इस बयान को देश की शांति, सुरक्षा, एकता एवं अखंडता के खिलाफ बताया है। परिवाद पर महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-11 कोर्ट ने कार्यालय रिपोर्ट के लिए 23 फरवरी की तारीख दी है। राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा 8 फरवरी को ओडिशा से छत्तीसगढ़ के रायगढ़ पहुंची थी। यहां राहुल ने कहा था- ''मोदी जी पार्लियामेंट में कहते हैं ग्उए वर्ग को भागीदारी की क्या जरूरत, मैं ग्उए हूं। सबसे पहले मैं आपको बताना चाहता हूं कि आप लोगों को भयंकर बेवकूफ बनाया जा रहा है। नरेंद्र मोदी जी ग्उए नहीं पैदा हुए थे। राहुल बोले- ''नरेंद्र



मोदी जी तेली कास्ट में गुजरात में पैदा हुए थे। उनकी कम्युनिटी को बीजेपी ने साल 2000 में ग्उए बनाया। आपके प्रधानमंत्री ग्उए नहीं पैदा हुए, प्रधानमंत्री जनरल कास्ट में पैदा हुए। वे पूरी दुनिया में झूठ बोल रहे हैं कि वे ग्उए पैदा हुए। ये पूरी जिंदगी में जाति जनगणना नहीं करेंगे। जाति जनगणना कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी करेगा। परिवाद में कहा गया है कि राहुल गांधी सार्वजनिक तौर पर खुद को कश्मीरी कौल पंडित बताते हैं, जबकि उनके दादाजी गैर हिन्दू परिवार के थे। अदालत पहले कई फैसलों में कह चुकी है कि पिता की जाति ही बच्चों की जाति होगी। जाति जन्म से होती है और उसे बदला नहीं जा सकता। ऐसे में उन्होंने खुद की जाति छिपाकर बयान दिया है। जिससे परिवादी की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसलिए मामले में कानूनी कार्रवाई की जाए।

### आज से प्रदेश में शुरू होंगे केन्द्रीय नेताओं के दौरे

## अमित शाह एक दिन में 9 लोकसभा सीटों को साधेंगे, 25 को आएंगे केशवप्रसाद मौर्य

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। लोकसभा चुनावों के मद्देनजर मंगलवार से प्रदेश में केन्द्रीय नेताओं के दौरे शुरू हो रहे है। इसकी शुरुआत केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। शाह एक दिन में राजस्थान की 9 लोकसभा सीटों को कवर करेंगे। बीजेपी ने प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों को 8 कलस्टर में बांटा है। कल अमित शाह बीकानेर,उदयपुर और जयपुर कलस्टर के अलग-अलग कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। बीकानेर में शाह लोकसभा की प्रबंधन समिति, चुनाव समन्वय समिति, और लोकसभा कोर कमेटी की बैठक लेंगे। उदयपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन और जयपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। शाह सबसे पहले बीकानेर, उसके बाद उदयपुर और शाम को जयपुर आएंगे। शाह के बाद 25 फरवरी को उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का लोकसभा कलस्टर अभियान के तहत कार्यक्रम बन रहा हैं।

### शाह एक दिन में 9 लोकसभा सीटों को कवर करेंगे

कलस्टर अभियान के तहत बीकानेर कलस्टर में बीकानेर, श्रीगंगानगर और चुरू, उदयपुर कलस्टर में उदयपुर, डूंगरपुर-बांसवाड़ा और चित्तौड़गढ़ और जयपुर कलस्टर में जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण और दौसा लोकसभा सीट शामिल हैं। हर कलस्टर कार्यक्रम में उस कलस्टर में शामिल तीनों लोकसभा सीटों के कार्यकर्ता, विधायक,मंत्री,पदाधिकारी और प्रबुद्धजन शामिल होंगे। कार्यक्रम के अनुसार शाह सबसे पहले दिल्ली से बीकानेर पहुंचेंगे। वे दोपहर करीब 12:10 पर बीकानेर के रानी बाज़ार स्थित पार्क पैराडाईज़ में लोकसभा की प्रबंधन समिति, चुनाव समन्वय समिति, और लोकसभा कोर कमेटी की बैठक लेंगे। इसके बाद शाह बीकानेर से उदयपुर पहुंचेंगे। यहां वे दोपहर 2:55 पर कृषि उपज मंडी में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। शाम को शाह उदयपुर से जयपुर आएंगे। जयपुर में वे शाम को 5:25 पर जवाहर नगर स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करेंगे।



### 25 को केशव प्रसाद मौर्य आएंगे

इसी तरह से दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य संभाग स्तर की बैठक लेंगे। हालांकि अभी तक मौर्य का कार्यक्रम तय नहीं हुआ है। लेकिन पार्टी सूत्रों की माने तो 25 फरवरी को केशव प्रसाद मौर्य अलवर संभाग सहित तीन संभागों के कलस्टरों की बैठक लेंगे। इसके बाद केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुजरात छतीसगढ़, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री सहित तमाम उन राष्ट्रीय नेताओं के दौरे होंगे। जो लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।

### किसानों ने 5 फसलों पर एमएसपी का प्रस्ताव खारिज किया

## आज मीटिंग करके रणनीति बनाएंगे, 21 फरवरी को दिल्ली जाकर प्रदर्शन करेंगे

■ संजीवनी टुडे

अंबाला। पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर पिछले 7 दिन से आंदोलन कर रहे किसान नेताओं और केंद्र सरकार के बीच रविवार (18 जनवरी) को चौथे दौर की बैठक हुई। मीटिंग में सरकार ने 5 फसलों पर एमएसपी देने का प्रस्ताव दिया। प्रस्ताव को किसानों ने खारिज कर दिया है। किसान नेता जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि हमने किसानों और एक्सपर्ट से बात की है। हमारी एमएसपी पर गारंटी कानून की मांग पूरी हो। एमएसपी देने के लिए 1.75 लाख करोड़ की जरूरत नहीं है। केंद्र सभी फसलों पर एसएसपी की गारंटी दे तो आंदोलन खत्म करने को तैयार हैं। कल (मंगलवार को) हम मीटिंग करके रणनीति बनाएंगे और परसों (21 फरवरी बुधवार) को दिल्ली कूच करेंगे। बार-बार बातचीत नहीं करेंगे। अब सब कुछ केंद्र के हाथ में है। केंद्र फैसला ले। केंद्र का प्रपोजल किसानों के हित में नहीं है। वहीं हरियाणा के 7 जिलों में इंटरनेट पर पाबंदी का फैसला 20 फरवरी की रात 12 बजे तक बढ़ा दिया गया है। सरवण पंधेर ने कहा- सरकार की नीयत में खोट है। इनकी नीति और नीयत ठीक नहीं है। हमारी मांग वही है कि सरकार 23 फसलों पर एमएसपी गारंटी क़ानून बनाकर दे। जो फसलें रह जाएँगी।



### सरकार का प्रस्ताव

सरकार की तरफ से किसानों से बात करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार कपास, मक्का, मसूर, अरहर और उड़द पर एमएसपी देने को तैयार है। अगले 5 साल तक पांचों फसलों की खरीद सहकारी सभाओं के जरिए होगी। नैफ़ेड और एनसीसीएफ से 5 साल के लिए कॉन्ट्रैक्ट होगा।

### किसानों की मांगें

किसान सभी फसलों को एसएसपी पर खरीद के लिए कानून की मांग कर रहे हैं। उनकी मांग है कि फसलों की कीमतें स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर तय की जाएं। इसके अलावा किसानों ने मिर्च, हल्दी और दूसरे मसालों के लिए राष्ट्रीय आयोग के गठन की मांग भी की है। उन पर स्टडी कर सभी फसलों पर हमें लीगल गारंटी का क़ानून चाहिए। हम इसी पर स्टैंड करते हैं और इसी पर बात होगी। कल खनौरी बॉर्डर पर किसान की शहीदी हुई। उनका शव पटियाला अस्पताल में पड़ा है। न उनका पोस्टमोर्टम हुआ और ना उन्हें उचित मुआवजा राशि दी है। हमने पंजाब सरकार से माँग की कि पॉलिसी क्लीयर करे। सरकार सरकारी नौकरी और 5 लाख रुपए दे।

## प्रधानमंत्री मोदी आज जम्मू एम्स का उद्घाटन करेंगे

■ संजीवनी टुडे

### 2019 में आधारशिला भी रखी थी; 32 हजार करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण करेंगे

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जम्मू में एम्स का उद्घाटन करेंगे। खास बात यह है कि 2019 में इसकी आधारशिला भी पीएम मोदी ने ही रखी थी। प्रधानमंत्री सुबह 11 बजे जम्मू पहुंचेंगे। सुबह 11:30 बजे मौलाना आजाद स्टेडियम जम्मू में होने वाले समारोह के दौरान करीब 32 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया जाएगा। प्रधानमंत्री जम्मू हवाईअड्डे के नए टर्मिनल भवन और 'कॉमन यूजर फैसिलिटी' पेट्रोलियम डिपो की आधारशिला रखेंगे। साथ ही जम्मू-कश्मीर में कई महत्वपूर्ण सड़क और रेल कनेक्टिविटी के प्रोजेक्ट्स का भी उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), विजयपुर (सांबा) में 227 एकड़ से ज्यादा एरिया में बना है। यह 1660 करोड़ रुपए की लागत से बना है। यह अस्पताल 720 बिस्तर और 125 सीट वाले मेडिकल कॉलेज, 60 सीटों वाले नर्सिंग कॉलेज और 30 बिस्तरों वाले आयुष ब्लॉक से मिलकर बना है। इसमें फैकल्टी और कर्मचारियों के लिए रेसिडेंशियल, यूजी और पीजी हॉस्टल, नाइट शेल्टर, गेस्ट हाउस, ऑडिटोरियम, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स जैसी सुविधाएं भी हैं। जम्मू एम्स कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रो-एंट्रोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, एंडोक्रिनोलॉजी, बर्न्स और प्लास्टिक सर्जरी जैसी 18 स्पेशियलिटी और 17 सुपर स्पेशियलिटी सर्विस के जरिए मरीजों को सेवाएं प्रदान करेगा। इसमें आईसीयू, इमरजेंसी और ट्रॉमा यूनिट, 20 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, लैब, ब्लड बैंक और फार्मेसी की सुविधाएं भी मिलेंगी। यह अस्पताल दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंच बनाने के लिए डिजिटल हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर ढांचे का भी इस्तेमाल करेगा। प्रधानमंत्री जम्मू हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन की आधारशिला भी रखेंगे। लगभग 40 हजार वर्गमीटर में फैला नया टर्मिनल भवन भीड़भाड़ के दौरान लगभग 2000 यात्रियों के लिए एडवांस सर्विसेस से लैस होगा।

### सोनिया के राज्यसभा निर्वाचन से पहले कांग्रेस टूटने के आसार

## दिल्ली पहुंचे राजस्थान के 7 कांग्रेस विधायक, भाजपा बड़े उलटफ़ेर की तैयारी में

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा प्रत्याशी बनने के बाद कांग्रेस पार्टी को विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के टूटने का डर सता रहा है। चर्चा है कि भाजपा बड़े उलटफ़ेर की तैयारी में लगी है। कांग्रेस के आधा दर्जन से अधिक वरिष्ठ नेता-विधायक दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। एडए सदस्य और पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। अब गहलोत सरकार में केबिनेट मंत्री रहे लालचंद कटारिया, उदयलाल आंजना और राज्य मंत्री रहे राजेंद्र यादव सहित 7 से अधिक विधायक-नेताओं के कांग्रेस का दामन छोड़ने की चर्चाएं चल रही हैं। इस हलचल से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई वरिष्ठ नेताओं की धड़कनें बढ़ गई हैं। कांग्रेस के विधायक टूटने से क्या सोनिया गांधी के राज्यसभा के निर्वाचन पर कोई फर्क पड़ेगा? विपक्ष को और भी बैकफुट पर क्यों लाना चाहती है भाजपा? उख्ब अपनी रणनीति में सफल रही तो लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सामने कैसे-कैसे संकट खड़े हो जाएंगे? मालवीय के साथ यादव अपने बयानों के जरिए कांग्रेस को अपनी नाराजगी जता चुके हैं। भाजपा में शामिल होने से पहले मालवीय दिल्ली में डेरा डाले हुए थे।

### राजस्थान में किस तरह के तनाव से गुजर रही है कांग्रेस ?



सूत्रों के अनुसार कांग्रेस में अंदरखाने तूफान मचा हुआ है और मेल-मुलाकातों व एक-दूसरे के संपर्क में रहने का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस को अंदाजा नहीं था कि सोनिया गांधी के राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने के बाद ऐसा सियासी संकट खड़ा हो जाएगा। सोनिया गांधी के प्रत्याशी बनने के कारण इस राज्यसभा चुनाव से कांग्रेस की प्रतिष्ठा जुड़ गई है। विधायकों की संख्या के लिहाज से कांग्रेस के पास फिलहाल 19 वोट अधिक हैं, लेकिन राज्यसभा के लिए राजस्थान से सोनिया गांधी के पर्चा भरने के बाद खुद के खेमे में ऐसा माहौल और बयानबाजियों के चलते प्रदेश कांग्रेस को पूरे देश में शर्मिंदा होना पड़ रहा है। वागड़ क्षेत्र के बड़े नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय भाजपा में शामिल हो गए हैं। वहीं, राजधानी की बात करें, तो पूर्व कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्वी राजस्थान से राज्य मंत्री रहे राजेंद्र यादव सहित अर्जुनसिंह बामनिया, नानालाल निनामा और रमीला खड़िया जैसे विधायकों के भाजपा से संपर्क में होने की चर्चाएं हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के और भी विधायक व नेता उनके संपर्क में हैं। सूत्रों के अनुसार कटारिया, बामनिया जैसे कांग्रेस नेता दिल्ली में भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं। सियासी फ़ेरबदल कभी भी हो सकता है।

### पीड़ित बोलीं- यहां रहना खतरनाक, ममता आरोपियों के साथ

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- संदेशखाली मणिपुर नहीं, याचिका खारिज

■ संजीवनी टुडे

कोलकाता/ दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 19 फरवरी को संदेशखाली मामले में दायर याचिका खारिज कर दी। मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि संदेशखाली मणिपुर नहीं है। याचिकाकर्ता ने मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता का हवाला दिया था। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा- कृपया मणिपुर में जो हुआ उसकी तुलना यहां जो हुआ उससे न करें मामले पर हाईकोर्ट ने स्यू मोटो (स्वतः संज्ञान) लिया है। वे ही इस पर ऑर्डर देंगे। याचिका पीड़ित महिलाओं की तरफ से एक वकील ने दायर की थी, इसमें मामले की सीबीआई या एसआईटी से जांच कराने की मांग की गई थी। संदेशखाली में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे। अब कुछ महिलाओं ने मीडिया से कहा- यहां रहना खतरनाक है। राज्य की मुख्यमंत्री महिला हैं, उन्हें हमारी आवाज उठानी चाहिए, लेकिन वे हमलावरों की आवाज उठा रही हैं। वहीं, राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा सोमवार 19 फरवरी को संदेशखाली पहुंचीं। उन्होंने कहा- पिछले हफ्ते ही गएड के दो लोग इस इलाके का दौरा करने आए थे। उन्होंने बंगाल सरकार और कानून व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों की लापरवाही को लेकर एक रिपोर्ट दाखिल की थी। ममता बनर्जी को इस्तीफा दे देना चाहिए। वे यहां महिला के रूप में आएं, तभी दर्द समझ पाएंगी। रेखा ने ये भी कहा कि हम पश्चिम बंगाल के गवर्नर से मुलाकात करेंगे और कल दिल्ली में राष्ट्रपति से मिलेंगे। अगर राज्य में रेप या महिलाओं से उत्पीड़न का एक भी मामला हुआ है तो ये शर्मनाक है। राज्य सरकार, प्रशासन को केंद्रीय एजेंसियों की मदद करने की अनुमति नहीं दे रही है। टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि गएड का दौरा राजनीति से प्रेरित है। गएड बंगाल तो बहुत जल्दी आ जाता है, लेकिन भाजपा शासित राज्यों में जाने में कभी ऐसी फुर्ती नहीं दिखाता है।

### कमलनाथ बोले- भाजपा में नहीं जा रहा: दिल्ली में बंगले पर बैठक की

## पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा बोले- छिंदवाड़ा में कांग्रेस से चुनाव लड़ेंगे नकुलनाथ

■ संजीवनी टुडे

भोपाल/दिल्ली। एमपी के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे सांसद नकुलनाथ के उख्ब में शामिल होने की अटकलों पर सोमवार दोपहर में ब्रेक लग गया। सोमवार को कमलनाथ के साथ बैठक के बाद पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने कहा- कमलनाथ जी कह रहे हैं कि कोई कहीं नहीं जाने वाला। जिन लोगों ने कांग्रेस को वट वृक्ष बनाया है, वो कैसे छोड़ सकते हैं। कमलनाथ के करीबियों ने दैनिक भास्कर को बताया कि उन्होंने मीडिया से बात करने के लिए पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा को अधिकृत किया है। सज्जन वर्मा ने कहा कि कमलनाथ की राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से बात हुई है। छिंदवाड़ा से कांग्रेस के टिकट पर नकुलनाथ चुनाव लड़ेंगे। इससे पहले उन्होंने अपने बंगले पर बैठक की, जिसमें मध्य प्रदेश के विधायक, पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता शामिल हुए। दिल्ली में कमलनाथ के बंगले पर कल से लगा हुआ जय श्री राम का झंडा आज सुबह हटा दिया गया था, लेकिन दोपहर में फिर लगा दिया गया।



### प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह को जिम्मेदारी

एमपी कांग्रेस में टूट की खबरों को लेकर एकजुटता की जिम्मेदारी प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह को दी गई है। जितेंद्र सिंह मंगलवार को भोपाल आएंगे। वे विधायकों से वन टु वन चर्चा करेंगे। बैठक सुबह 10:30 बजे शुरू होगी। बताया जा रहा है कि विधायकों को लोकसभा चुनाव और भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर चर्चा के लिए बुलाया गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा- कमलनाथ हमारे वरिष्ठ नेता हैं। उन्हें लेकर जो भी बातें चल रही हैं, ये भाजपा और मीडिया की बनाई हुई हैं। कमलनाथ से मेरी बात हुई है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर बात हुई है। मंगलवार को भोपाल में इसे लेकर बैठक होगी। इसमें कमलनाथ भी शामिल होंगे। कमलनाथ भी यात्रा में प्रमुख रूप से भाग लेंगे। कांग्रेस सांसद राजमणि पटेल ने कहा- 'कमलनाथ लंबे समय से देश में नफरत फैलाने वाली सोच के खिलाफ लड़ रहे हैं। यह उम्मीद करना कठिन है कि वह भाजपा में शामिल होंगे।

# बीकानेर और दूदू जिलों में जिला जलवायु वकालत के लिए 300 छात्र सामने आये

■ संजीवनी टुडे

दूदू/बीकानेर। पर्यावरण समर्थन के प्रति एक शानदार पहल करते हुए, राजस्थान के दूदू और बीकानेर जिले में 19 फरवरी को जिला स्तरीय पर्यावरण कार्यक्रम के तहत, रीन्यू फाउंडेशन द्वारा 'यंग क्लाइमेट लीडरशिप पाठ्यक्रम' के हिस्से के रूप में - विशेष रूप से संविदित समुदायों और सरकारी स्कूलों छात्रों को पर्यावरण की समझ और लीडरशिप विकासित करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 'बिंदी इंटरनेशनल' एनजीओ द्वारा किया गया था जिसे रीन्यू फाउंडेशन का समर्थन मिला हुआ है, और इस कार्यक्रम में दूदू जिले के दो सरकारी स्कूलों और दो निजी स्कूलों के लगभग 300 छात्रों ने भाग लिया। 'यंग क्लाइमेट लीडरशिप पाठ्यक्रम' (ड्डएख्ए) एक नवाचारी प्रोग्राम है जो छात्रों में पर्यावरण संकट के प्रति जागरूकता पैदा करने और प्रेरित करता है। बिंदी इंटरनेशनल द्वारा डिज़ाइन किए गए 'सोचें-बोलें-करें' ढांचे से बच्चों को उनके समुदाय द्वारा सामने आने वाली पर्यावरण परिवर्तन समस्याओं के बारे में आवाज़ उठाने और निर्णय लेने वाले मंचों पर अपनी आवाज़



और संदेश पहुँचाने के अवसर प्रदान करता है। यह पाठ्यक्रम स्थानीय भाषाओं में युवा पर्यावरण साथियों द्वारा तैयार किया गया है जिसमें आकर्षक शिक्षण पद्धति और गतिविधियों का उपयोग किया गाया है जो गंभीर विचारशीलता और रचनात्मक अभिव्यक्ति को सरल बनाते हैं और छात्र-नेतृत्व के लक्षों को प्रोत्साहित करते हैं। यह छात्रों को उनके स्कूल और समुदाय के लिए पर्यावरण नेतृत्व और निर्णय लेने के लिए तैयार करता है। इस पहल ने दूदू जिले में दो सरकारी स्कूलों, बीकानेर में 12 स्कूलों, जैसलमेर में 14 स्कूलों, फलोदी में 10 स्कूलों, और बाडमेर में 1 स्कूल को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। जिला पर्यावरण समर्थन दिवस के मौक़े पर, छात्र- छात्राओं ने पर्यावरण लीडरशिप पर चर्चा, सहयोग और बदलते पर्यावरण पर बात की। जिला पर्यावरण समर्थन दिवस का उद्देश्य छात्रों की संगठित ऊर्जा को प्रयोग करना, छात्रों की आवाज़ को बढ़ाना, ताकि भविष्य के लिए पृथ्वी को बचाया जा सके। युवा पर्यावरण नेताओं ने अपने समुदायों को भूकंपित वातावरणीय चुनौतियों पर प्रकाश डाला। महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 13 वर्षीय खुशी कुमावत ने बताया, ''सभी को पर्यावरण का ध्यान रखना चाहिए, और मैं इसके लिए तैयार हूं। जब हम पर्यावरण का ध्यान रखेंगे, तब ही पर्यावरण हमारा ध्यान रखेगा।'' एक और छात्र कुलदीप शर्मा, जो एक साल से पर्यावरण क्लास में शामिल है, ने बताया कि स्कूल में पर्यावरण क्लास में शामिल होने के बाद, वह अपने पड़ौस में पेड़ लगाने, पानी की बचत करने, ऊर्ज़ा बचाने और सौर ऊर्ज़ा के उपयोग के लिए प्रचार करने लगा है। इस आयोजान के दौरान छात्रों ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें प्लास्टिक प्रदूषण और कचरा प्रबंधन पर ध्यान दिया गया, और प्रतिभागियों को अपने दैनिक जीवन में 3 ट (रिड्यूस , रियूज़ , रीसाइकल यानी कम करें, पुनः प्रयोग करें, और पुनः उपयोग करें) के सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा मिली। इस आयोजान में छात्र पर्यावरण नेताओं द्वारा बनाए गए मॉडल भी प्रदर्शित किए गए, जिनसे पुनर्नवीय ऊर्ज़ा स्त्रोतों, प्रभावी कचरा प्रबंधन, और कार्बन प्रतिकृतियों को कम करने के लिए नवाचारी दृष्टिकोण का परिचय दिया गया। अंत में, छात्रों ने 'प्लास्टिक मुक्त' दूदू के लिए प्रचार किया और सभी से इसके समर्थन करने का आग्रह किया। विशेष रूप से, इस आयोजन द्वारा छात्रों ने पर्यावरण के प्रति समुदाय के दायित्व को बताया। आयोजन में मौजूद शिक्षक, प्रधानाध्यापक, स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्य, पंचायत विकास अधिकारी, और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने पर्यावरण नेताओं का समर्थन करने का वादा किया और पर्यावरण-सहनशील समुदाय बनाने के लिए अपनी तत्परता का अभिव्यक्त किया। युवा जलवायु नेतृत्व पाठ्यक्रम युवा जलवायु लीडर्स का एक नेटवर्क बनाने के आंदोलन की दिशा में एक छोटा कदम है, जिनकी आवाज़ हमें अक्सर सुनने को नहीं मिलती, भले ही उनका समुदाय जलवायु परिवर्तन संकट से सबसे अधिक प्रभावित हो।

आज जारी की गई जलवायु पुस्तिका में इन ग्रामीण ''यंग क्लाइमेट लीडर्स'' की आवाज़ है - पर्यावरण और धरती माता के प्रति उनके प्रेम और सम्मान से उपजे उनके सीखने, उनके विचारों और उनके कार्यों की कहानी।

डॉ. मोनालिशा पाधी

एजुकेशन एंड वेलनेस हेड, बिंदी इंटरनेशनल

## खबरें फटाफट

### चिकित्सक से हुई मारपीट के संबंध में दौसा जिला कलेक्टर को सोपा ज्ञापन



■ संजीवनी टुडे

दौसा। । अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ दौसा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर के डॉक्टर विजेंद्र कुमार मीणा एवं स्टाफ के साथ हुई मारपीट के संबंध में दौसा जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार को ज्ञापन सोपा गया है। ज्ञापन में बताया कि सोमवार को सुबह देव करण गुर्जर व एक महिला ने ड्यूटी पर उपस्थित डॉक्टर विजेन्द्र कुमार मीना एवं नर्सिंग ऑफिसर रमाकान्त शर्मा के साथ चिकित्सकीय कार्य करने के दौरान मारपीट की गई। जिसकी एफ आई आर मानपुर थाना में दर्ज करवाई गई है। डॉ कपिल देव मीणा ने बताया कि जिसमे चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी और चिकित्सा परिचर्या सेवा संस्था अधिनियम 2008 नहीं जोड़ा गया है। उक्त अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया जावे एवं आरोपियो की 24 घण्टे में गिरफ्तारी की जावे। अन्यथा समस्त चिकित्सक कार्य बहिष्कार के लिए मजबूर होगे जिसकी समस्त जिम्मदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने के दौरान डॉक्टर कपिल देव मीणा, डॉक्टर भोलाराम, डॉक्टर विजेंद्र, डॉक्टर मनोज ,डॉक्टर कुलदीप, रमाकांत शर्मा नर्सिंग ऑफिसर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### स्थानांतरण पर पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा को दी विदाई



■ संजीवनी टुडे

बांदीकुई। बीते दिनों प्रदेश सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों की तबादला सूची जारी की जिसमे एसपी वंदिता राणा का तबादला सिरोही पुलिस अधीक्षक के पद पर हुआ। सोमवार को विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं संस्थाओं के सदस्यों के द्वारा निवर्तमान पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा का सम्मान किया गया तथा विदाई समारोह मनाया गया। इस अवसर पर एन आई सी के अधिकारियों द्वारा भी पुलिस अधीक्षक का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विष्णु शर्मा, नीरज शर्मा, गणेश योगी ने यादगार चिन्ह भेट कर पुलिस अधिक्षक वंदिता राणा को विदाई दी।

### खेल कार्यशाला शिविर आयोजित

■ संजीवनी टुडे

बांदीकुई। राजस्थान सरकार एवं युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा खेल कार्यशाला का आयोजन राजेश पायलट स्टेडियम दौसा में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग,पुलिस विभाग साइबर क्राइम, मेडिकल/ फिजियो विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया । उक्त शिविर में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के प्रोग्रामर अशोक मीणा द्वारा खेलो में ऐप डाउनलोड के बारे में , नमो ऐप के बारे में , फिट इंडिया ऐप के बारे में बताया गया, मेडिकल विभाग के फिजियो डाक्टर पिंकी यादव ने खिलाड़ियों को खेलो में होने वाली इंजरी एवं रोकथाम के बारे में बताया, पुलिस विभाग के साइबर एक्सपर्ट भागसिंह गुर्जर ने साइबर क्राइम के बारे में खिलाड़ियों को जानकारी दी और कैसे उनसे बचा जा सकता है उसके बारे में जानकारी दी, जिला खेल आधिकारी मानसिंह ने खेलो में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया और किस तरह खेल को भविष्य बना सकते है उसके बार में जानकारी दी , इस अवसर पर खेलो के लगभग 150 खिलाड़ी एवं सभी प्रशिक्षक मौजूद थे। अंत में जिला खेल अधिकारी द्वारा सभी विभागों का एवं जिला प्रशासन का धन्यवाद दिया।

## टेली लॉ योजना लागू: टेली लॉ योजना के तहत विशेषज्ञों से ले सकते हैं मुफ्त कानूनी सलाह

■ संजीवनी टुडे

बांदीकुई। केंद्रीय न्याय विभाग और भारत सरकार के सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी के माध्यम से टेली-लॉ योजना को लागू किया है । सूचना एवं संचार तकनीकी का इस्तेमाल कर दिल्ली के एक्सपर्ट वकील और आमजन के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद कराया जा रहा है और कानूनी सलाह दी जा रही है। कमलेश कुमार शर्मा जिला प्रबंधक सीएससी एसपीवी (ई.सू.प्रौ.वि.) दौसा ( राज. ) ने ट्रेनिंग के दौरान बताया कि सीएससी के पोर्टल के माध्यम से हितग्राही का ऑनलाइन पंजीकरण होगा। इसमें नाम, उम्र, पता, फोन नंबर और समस्या का संक्षिप्त वर्णन होगा।

### विशेषज्ञ से समय के लिए अपाइंटमेंट तय करना होगा

विशेषज्ञ द्वारा उस बुकिंग समय में हितग्राही को कानूनी सलाह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दी जाएगी। इसमें दहेज, पारिवारिक विवाद, तलाक, घरेलू हिंसा से बचाव, महिला, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, यौन दुर्व्यवहार, छेड़छाड़, जमीन जायदाद व संपत्ति का अधिकार, महिला-पुरुषों के लिए समान मजदूरी, मातृत्व लाभ, भ्रूण हत्या की रोकथाम, बालविवाह, बालश्रम, बाल मजदूरी, बच्चों के शिक्षा के अधिकार सहित अन्य प्रकरण शामिल किए गए हैं।

### इनको मिलेगा निशुल्क लाभ

महिलाएं, बच्चे, अनुसूचित जनजाति के सदस्य, औद्योगिक कामगार, श्रमिक, मजदूर, जातीय हिंसा से पीड़ित, प्राकृतिक आपदा जैसे भूकंप, बाढ़, सूखा से पीड़ित और दिव्यांग व्यक्ति, मानसिक रूप से अस्वस्थ्य, बीपीएल परिवार के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।ट्रेनिंग में सीएससी 70 वीएलई भी उपस्थित रहे।

## नगरपालिका बसवा मे आठवे दिन भी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल रही जारी

■ संजीवनी टुडे

### पत्रकार के सवाल पर बौखलाए बसवा ईओ

बसवा । पत्रकार का सवाल ओर ईओ की बौखलाहट। बौखलाहट में ईओ ने की पत्रकार से कैमरा छीनने की कोशिश ओर हो गए पत्रकार से अभद्रता पर उतारू । मामला है बसवा नगर पालिका का । जहां एक पत्रकार को ईओ से सवाल पूछना महंगा पड़ गया। बसवा कस्बे में आठवें दिन सोमवार को भी सफाई व्यवस्था ठप रही कारण था सफाई कर्मियों का साढ़े तीन माह का नगर पालिका की ओर से भुगतान नहीं करना । कस्बे में सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी नगरपालिका के पास है, लेकिन नगर पालिका द्वारा तीन माह से सफाई कर्मियों को मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। यहां पर 42 सफाईकर्मी तैनात कर रखे है। सफाईकर्मियों ने बताया कि उन्हे




दीपावली पर मजदूरी मिली थी। जिसमें से भी 15 दिन की मजदूरी रोक ली गई । उन्होंने बताया कि तीन माह गुजर जाने के बाद भी उन्हे ठेकेदार ने मजदूरी नहीं दी। इससे उनके साथ आर्थिक संकट खडा हो गया। उन्होंने बताया कि वह 8 दिन से मजदूरी की मांग कर रहे हैं। मगर ठेकेदार द्वारा अभी तक उन्हें मजदूरी नहीं दी गई। कई बार अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी को भी अवगत करा चुके हैं। इससे नाराज सफाईकर्मियों ने आठ दिन से अपने काम का बहिष्कार कर रखा है। सफाईकर्मियों की हड़ताल के कारण कस्बे की सफाई व्यवस्था चौपट हो चुकी है। रामलीला मैदान, मुख्य बाजार, नीमला बाजार सहित अन्य जगहों पर कचरे के ढेर लग चुके हैं। इस संबंध में नगर पालिका चेयरमैन प्रेम देवी सैनी का कहना है कि सफाईकर्मियों की हड़ताल अभी जारी है। समझाइए की जा रही है।

## फार्मासिस्ट फिर 21 फरवरी से आंदोलन करने को हुए मजबूर, 7 दिन का दिया गया था आश्वासन

■ संजीवनी टुडे

जयपुर । चिकित्सा विभाग की आठ कैडर में 20,546 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर फार्मासिस्ट, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल अभ्यर्थियों ने पिछले 18 जनवरी से झालाना स्थित सीफू संस्थान पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन एवं कर्मिक-अनशन चालू किया था जो लगातार 9 फरवरी तक कुल 23 दिन धरना चला । 9 फरवरी को एसीएस डॉ शुभ्रा सिंह एवं उच्च अधिकारियों की धरनार्थियों के साथ वार्ता हुईं। जिसमें एसीएस डॉ शुभ्रा सिंह एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों नने धरनार्थियों को सात दिन में भर्तियों का काम करने का आश्वासन दिया और धरना स्थगित करने के लिए कहा। इस कारण धरना दे रहे अभ्यर्थियों ने एसीएस डॉ शुभ्रा सिंह एवं उच्च अधिकारियों के द्वारा दिये गये आश्वासन के बाद अनिश्चितकालीन धरने को 7 दिन के लिए स्थगित किया। गौरतलब हैं कि चिकित्सा विभाग की आठ कैडरों की भर्तियों में से 7 केडर की प्रोविजनल चयन सूची जारी हो चूकी हैं। लेकिन फार्मासिस्ट भर्ती की अभी तक प्रोविजनल चयन सूची जारी नहीं हुई। जिस कारण फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों में रोष व्याप्त हैं। जिस कारण से फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों ने फिर से 21 फरवरी से झालाना सीफू संस्थान के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया हैं। फार्मासिस्ट भर्ती 2023 संघर्ष समिति के सदस्य विनोद मीना ने बताया कि 15 फरवरी को सरकार के द्वारा दिया गया आश्वासन खत्म हो गया था। सीफू एजेंसी के द्वारा प्रक्रियाधीन फार्मासिस्ट भर्ती की भी प्रोविजनल सूची अन्य सात कैडर नर्सिंग, एएनएम एवं पेरामेडिकल की तरह जारी कर सकते हैं। फार्मासिस्ट भर्ती में भी मैरिट तैयार की जाए और इसमें राजस्थान से डिग्री लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति दे दी जाए। शेष अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच के बाद नियुक्ति दी जाए। अगर अयोग्य पाया जाए तो उसको भर्ती से बाहर कर दिया जाए।

### मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी वितरण समारोह 21 फरवरी को,उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी होगी मुख्य अतिथि

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में राजकीय सावित्री बाई फुले छात्रावास, (कॉलेज स्तरीय) गांधीनगर, जयपुर में 21 फरवरी को दोपहर एक बजे ''मुख्यमंत्री स्कूटी वितरण समारोह'' होगा। अविनाश गहलोत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दिव्यांगजन छात्रों एवं स्वरोजगार से जुड़े विशेष योग्यजनों के आवागमन को आसान बनाने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत पात्र दिव्यांगजनों को निःशुल्क स्कूटी वितरित की जाती है।

### राज्य स्तरीय दिव्यांगजन पुरस्कार समारोह का आयोजन 22 फरवरी को,उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा होंगे मुख्य अतिथि

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। अविनाश गहलोत, मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय दिव्यांगजन पुरस्कार समारोह का आयोजन 22 फरवरी को जयपुर स्थित भगवंत सिंह मेहता सभागार, नेहरू भवन, हरिचन्द्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान, जेएलएन मार्ग, जयपुर में दोपहर एक बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवां होंगे। इस अवसर पर 31 सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजनों एवं विशेष योग्यजनों के लिए कार्यरत 23 सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर एनजीओ पोर्टल का शुभारंभ किया जाना भी प्रस्तावित है। एच गुईटे, आयुक्त, विशेष योग्यजन निदेशालय द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी वितरण समारोह और राज्य स्तरीय दिव्यांगजन पुरस्कार समारोह के आयोजन के तैयारियों के संबंध में आज सोमवार को बैठक ली और तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

## विद्यालय विकास योजना एवं एसएमसी में बालिका भागिदारी बढाने पर हुई चर्चा



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा के अधिकार के तहत विद्यालय मे प्रद्वत सुविधाओं एवं सेवाओं तक बच्चों की पहुंच सुनिश्चित करने एवं शिक्षा विभाग द्वारा विधालय प्रबंधन समिति प्रशिक्षण, अध्यापक प्रशिक्षण मे बालिकाओं के मुददो को सम्मलित करने, मीना एवं गार्गी मंच का प्रतिनिधित्व विद्यालय विकास योजना एवं विधालय प्रबंधन समिति मे सुनिश्चित करने के उदेश्य से शिव शिक्षा समिति रानोली एवं राइजअप समर्थित ''शिक्षा तक पहुंच बढाने के लिए बालिका नेतृत्व पैरवी'' परियोजना के तहत पीपलू मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे कार्यरत सन्दर्भ व्यक्ति रविन्द्र विजयवर्गिय, गोवर्धन प्रसाद स्वर्णकार, नरेन्द्र कुमार सोनी के साथ बैठक आयोजित की गई। परियोजना अधिकारी पूनम जोनवाल व सीताराम शर्मा ने बैठक के दौरान परियोजना के तहत मीना एवं गार्गी मंच के पूर्नगठन, नियमित बैठक आयोजन अमावस्या के दिन विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति, विद्यालय प्रबंधन समिति की मासिक बैठक आयोजन एवं पूर्नगठन की प्रगति से अवगत करवाया। पूनम जोनवाल ने बताया की बैठक के दौरान सन्दर्भ व्यक्तियों ने बालिकाओं की भागिदारी बढाने, उनकी आवाज को सुनने के लिए एसएमसी एवं अध्यापकों को सवेंदनशील करने की बात कही है। सन्दर्भ व्यक्ति रविन्द्र विजयवर्गिय ने आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए विद्यालय विकास योजना निर्माण मे बालिका सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही।

## जोहार संहिता ''का किया गया विमोचन: प्रथम मिलन समारोह एवं परिचर्चा का अधिवेशन का हुआ आयोजन

■ संजीवनी टुडे

दौसा। उपखंड क्षेत्र के पापड़दा 18 फरवरी 2024 को आर्यन बाग पैलेस,बासना में जोहार जागृति मंच के बैनर तले प्रथम मिलन समारोह व परिचर्चा का आयोजन एवं सामाजिक प्रथाओं पर चर्चा की गई । रामकेश रतनपुरा व रंगलाल नेवर ने बताया कि समारोह में उपस्थित सदस्यों की आम सहमति से मंच का सामाजिक सुधारों के लिए मेनिफ़ेस्टो जारी किया गया, मुकेश जी ने विस्तार से समझाया कि समाज में व्याप्त मृत्युभोज कुप्रथा पर राजस्थान मृत्युभोज निवारण अधिनियम 1960,नियमावली 1961 के प्रावधानों अनुसार रोकने, दहेज़ कुप्रथा के उन्मूलन को लेकर दहेज़ निषेध अधिनियम,1961 के अनुसार प्रतिबंधित करने पर सहमति हुई किंतु यदि कोई पिता अपनी पुत्री को श्रृंगार स्वरुप कुछ आभूषण भेट करता है ,तो वह दहेज़ की श्रेणी में नहीं माना जायेगा। विधवा विवाह पर बल दिया गया, साथ ही पुरखों की धराड़ी विवाह पद्धति को पुनर्जीवित करते हुए उसे अपनाने पर सहमति जताई। युवा पीढ़ी में बढ़ती नशा खोरी पर भी



अंकुश लगाने व नशा मुक्त समाज का निर्माण करने पर बल दिया। पर्यावरण संवर्धन को लेकर आमजन को जागृत करने के लिए संगठन ने प्रतिवर्ष 1000 पौधों के वितरण करने का संकल्प पारित किया तो शिक्षा जागृति के लिए स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों को पारितोषिक देकर प्रेरित करने की वचनबद्धता दोहराई।

समारोह में प्रो.हीरा मीणा द्वारा रंगलाल नेवर ( साहित्यकार व समाज चिंतक ) की पुस्तक '' जोहार संहिता '' का विमोचन किया गया। पुस्तक लेखन व विमोचन तक के सफ़र में बनवारी लाल मीणा, अध्यापक, रामकेश , मुकेश पीपल्या, मंगलचंद फौजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पुस्तक का उद्देश्य समाज में व्याप्त फूहड़ गायन शैली में परिवर्तन करते हुए समाज के पुरखों के योगदान के यशोगान के साथ ही गायन मे निहित पाखंड,अधविश्वास को बाहर कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण की तरफ उन्मुख करने में मील का पत्थर साबित होगी। मंच के सभी उपस्थित साथी दूर दूर से जैसे अलवर, दौसा, करौली, जयपुर सवाई माधोपुर, बूँदी भीलवाड़ा आदि आये हुए साथियो ने सामाजिक दृष्टिकोण में अपने - अपने विचार साँझा कर इन पर काम करने का दृढ़संकल्प लिया। जो प्रकृति के संरक्षण सहित मानवतावाद की स्थापना के लक्ष्यों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगें।

## ग्राम पंचायतों के स्वामित्व वाली आबादी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर होंगी कार्रवाई

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। ग्राम पंचायत के स्वामित्व वाली आबादी एवं खातेदारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर राज्य सरकार एक्शन मूड में है। इस प्रकार की भूमियों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के शासन सचिव एवं आयुक्त ने आदेश जारी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

शासन सचिव एवं आयुक्त रवि जैन की ओर से जारी परिपत्र निर्देश दिए है कि आबादी भूमि, तालाब एवं चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने में आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित ग्राम पंचायत के संरपच और ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। परिपत्र में कहा गया है कि विभाग के ध्यान में आया है कि ग्राम पंचायत की स्वामित्व की आबादी भूमि और खातेदारी भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है लेकिन कुछ ग्राम पंचायतों के द्वारा अतिक्रमण को हटवाने के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती है। इसलिए इस प्रकार की भूमियों को अतिक्रमण मुक्त करने के संबंध में निर्देशित किया जाता है। ग्राम पंचायत क्षेत्र में चारागाह भूमि या तालाब तल पर पाए गए अतिक्रमण को हटाने की रिपोर्ट संबंधित तहसीलदार को दी जाए।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ग्राम पंचायत, पंचायत भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए सीधे ही या अपने क्षेत्र के उपखंड मजिस्ट्रेट को प्रार्थना पत्र देकर राजस्थान पंचायती राज अधिनियम की धारा 1994 की धारा 110 के अनुसार पुलिस की सहायता भी ले सकती है। उन्होंने यह भी कहा है कि ग्राम पंचायत यह सुनिश्चित करें की तहसीलदार द्वारा कि चारागाह भूमि के अतिचारियों पर अधिरोपित शास्तियों की सभी रकमें पंचायत निधि में पूरी तरह से जमा करवा दी जाए। उक्त परिपत्र की अवहेलना किए जाने वाले संबंधित सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### तीन वार्ड पंचों की बनाई जाए कमेटी

राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के नियम 165 के तहत सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण का पता लगाने के लिए प्रतिवर्ष जनवरी एवं जुलाई के।महीनें में आबादी भूमियों, तालाब एवं चारागाह भूमियों पर अतिक्रमण का सर्वे करने के लिए तीन वार्ड पंचो की कमेटी बनाने के निर्देश दिए है। अतिक्रमण करने वालों बेदखली का नोटिस देकर उन्हें सुनवाई का अवसर देकर हटाने की कार्वाई अमल में लायी जावें।

### क्या कहता है कानून

उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संदीप कलवानिया ने बताया कि राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियम 165 में ग्राम पंचायतों को अपने स्वामित्व एवं खातेदारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के अधिकार दिए हुए है। ग्राम पंचायत अतिक्रमियों को नोटिस देकर उन्हें बेदखल कर सकती है।

## प्राणघातक हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन

■ संजीवनी टुडे

जालोर। जिले के मोदरान निवासी भवानी सिंह पुत्र जयसिंह राजपुरोहित ने बताया कि 14 फरवरी मंगलवार को मै जालोर के लेटा से मेरे गुरु के वहा से नुन गांव में मेरी बहीन को मिलकर करीबन सुबह 9-10 बजे के बीच मेरे घर पर मोदरान जा रहा था तो बाकरारोड व मडगांव के बीच पुर्व सांसद पारसाराम मेघवाल के बैरे के पास घात लगा के बैठे अशोक कुमार पुत्र हडमत सिंह राजपुरोहित निवासी मडगांव जिला जालोर व 5-6 अन्य लोगों ने मुझ पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया और मुझे गम्भीर रूप से घायल कर दिया और आज 7 दिन बाद भी मेरी अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई मेरी हालत गम्भीर रूप से बनी और मेरे सीर आंख व हाथ पर गम्भीर चोटे आई हौ मै जालोर जिला अस्पताल में भर्ती हु।

पीड़ित ने बताया कि मुलजिमान अशोक कुमार पुत्र हडमत सिंह राजपुरोहित निवासी मडगांव , दिनेश कुमार पुत्र शंकर राजपुरोहित निवासी बासड़ा धनजी, सुरेश कुमार पुत्र आसुजी राजपुरोहित निवासी बासड़ा धनजी अर्जुन सिंह पुत्र जयसिंह जी राजपुरोहित निवासी मोदरा गांव, गंगासिंह पुत्र हमीर सिंह राजपूत निवासी सरत , लीलाराम पुत्र भेराराम भील निवासी जिला बाडमेर व नखता राम पुत्र चेतनराम भील निवासी



चुरा जिला बाडमेर से सभी लोग गाडीया व धारदार हथियारों से लैस होकर मुझे घेर लिया और उसके बाद सड़क मार्ग पर उसके बैरे के अंदर लेकर गये और मेरी मोटरसाइकिल को तोड फोड़ किया और मेरे सर पर लोहे की रॉड से हमला किया जिससे मेरे सिर में गम्भीर रूप से घाव हो गया और मेरे ऊपर अशोक कुमार मेरे छाती पर बैठ कर मेरे आंख में पिस्तौल लगा दिया मेरे हाथ पर पर अन्य लोग खड़े थे मेने मेरे बचाव के लिए अशोक का आगूठा मुह से पकड़ लिया उसकी वजह से रिवाल्वर निचे गिर गई और साथी हरिसिंह राजपुरोहित जो अन्य लोगो को मेरे को बचाने के लिए भाग कर मड़गाव की तरफ जा रहा था वही बीच रास्ते से अर्जुन सिंह मोदरान व दिनेंश बासड़ाधनजी लेकर आये पकडकर दिनेश गाड़ी लेकर आगे चल दिया ओर अर्जुनसिंह मोदरान हरीसिंह रसा लाकर बाधो अशोक व गंगांसीह हरिसीह को मारने लगे तब अर्जुनसिंह से मे बचकर भाग गया और राह चलती बाइक ऊपर बैठकर मे पेट्रोल पम्प पहुंचा तब सिफ्ट लेकर मेरा पीछा गंगसिंह राजपूत ने किया मगर मे उनके उपर खुन के सिटे डाल कर दूसरी एक जीप मे बैठकर सांथू आपेश्वर मंदिर पहुंच कर जालौर पुलिस कंट्रोल मे फोन किया तब बागरा पुलिस ने तपत्रता दिखाई ओर तत्काल मझे लेकर हॉस्पिटल बागरा गये। गंगा सिंह राजपूत ने हाथ से इशारा कर रिवाल्वर से फायर करने का इशारा कर वीडियो रिकॉड मे है लीलाराम भील कुल्हाड़ी और नगताराम भील जैसीबी का बडा रोटर लेकर आये और ईन लोगों ने मेरे पैर व हाथ को पकड़ कर मेरे दोनों हाथ पैरों के तलवे उंगलियों को फोड़ दिया जिसका पुरा विडियो भी मेरे मोबाइल पर रिकोर्ड हुआ था जो मैंने पुलिस को दिया है मैं बड़ी मुश्किल से वहा से भागकर आया।

भवानी सिंह राजपुरोहित ने बताया कि मेरे मोदरान रेलवे से निवास है जहां पर एक व्यक्ति ने भुमि प्लॉट लिया है जो व्यक्ति बासड़ाधनजी ग्राम का सुरेश कुमार राजपुरोहित पुत्र आसुजी राजपुरोहित व दिनेश कुमार पुत्र शंकर राजपुरोहित निवासी बासड़ा धनजी ने इसी भुमि पर कब्जा करने के लिए हमारे धर का रास्ता बंद कर कोम्प्लेक्स बनाना है इसी वजह मेरे को जान से खत्म करने की नियत से 10 लाख की सुपारी अशोक कुमार पुत्र हडमत सिंह मडगांव व अर्जुन सिंह राजपुरोहित मोदरान को सुपारी दिया है और मुझे इन लोगों से जानमाल खत्म करने का खतरा है यह है हमारे गांव मोदरान रेलवे स्टेशन पर मेरे पिताजी की पुश्तैनी जमीन व मकान में जाने आने का मुख्य बाजार से एक मात्र रास्ता है उसको बंद करके एक बडा कॉप्लेक्स यह भूमाफिया लोग बनाना चाहते जो मेरे घर पर आने जाने वाले रास्ते को लेकर यह हमे जान से खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं उन्होंने पहले भी मेरे दुकान व घर पर आकर हमला किया था। मैंने पुलिस अधीक्षक महोदय जालोर को पहले भी रिपोर्ट पेश होकर दिया था लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं होने से इन अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं और इन भुमाफियो ने मेरे घर के आने जाने वाले रास्ते की फर्जी पट्टा व रजिस्ट्री कर 1करोड 20 लाख रुपए में खरीदा है और अब यह सब हमे परेशान कर रखा है और यह है कि अशोक कुमार के मुम्बई वीपी रोड पुलिस स्टेशन व अन्य कई जगह पर मामले दर्ज हैं और यह पिछले पांच साल से राजस्थान भारती प्रधान सम्पादक के नाम से फर्जी पत्रकारिता कर प्रशासन को गुमराह कर रहा है और अपनी गाड़ी पर प्रेस के नाम से अवैध रूप से कार्य कर रहा है जिसकी पुलिस प्रशासन को सख्त जांच करनी चाहिए।

## खबरें फटाफट

### तीन दिवसीय निशुल्क पंचकर्म शिविर की हुई शुरुआत



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान सरकार के राजकीय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय जयपुर के संबंध राजकीय आयुष चिकित्सालय में पंचकर्म विभाग 19 फरवरी से 21 फरवरी 2024 तक निशुल्क तीन दिवसीय पंचकर्म शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज प्रथम दिन लगभग 50 रोगियों का पंचकर्म विभाग द्वारा निशुल्क चिकित्सा उपक्रम कर चिकित्सा प्रदान की गई। शिविर प्रभारी डॉ चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि शिविर में पंचकर्म विभाग की एच ओ डी डॉ।भारती बादिंल एवं डॉ।ओम प्रकाश शर्मा ने भी रोगियों को लाभान्वित किया। शिविर के दौरान ही नई दिल्ली से आई निरीक्षण टीम ने संपूर्ण चिकित्सालय और राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो। (डॉ) कामिनी कौशल से महाविद्यालय और चिकित्सालय की जानकारी ली। प्राचार्य ने जन सामान्य से आह्वान किया है कि शिविर का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें।

### जिला कलक्टर ने किया फलोदी रेलवे स्टेशन पर जैविक कृषि उत्पाद स्टॉल का उद्घाटन



■ संजीवनी टुडे

फलोदी। जिला कलक्टर हरजीलाल अटल ने सोमवार को फलोदी जंक्शन स्टेशन पर प्रगतिशील कृषक श्री रावलचन्द पंचारिया एवं लालाराम डूडी द्वारा संचालित जैविक कृषि उत्पाद स्टॉल का विधिवत उद्घाटन किया। जिला कलक्टर अटल ने बताया कि वर्तमान में जैविक उत्पाद मानव स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित हो रहा है उन्होंने आमजन से जैविक उत्पाद उपयोग का आह्वान किया और दोनों प्रगतिशील कृषकों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार बंशीधर रेंगर, स्टेशन मास्टर राजेन्द्र व्यास उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्र भेजकर राम कथा आयोजनकर्ता किया स्वागत



■ संजीवनी टुडे

फलोदी। उपखण्ड लोर्डिया नव दिवस राम कथा आयोजनकर्ता मेघराज वल्लभदास कल्ला को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा प्रत्र भेजकर खुशी जाहिर की। कल्ला द्वारा 10 फरवरी से 18 फरवरी तक लोर्डिया मे राम कथा का आयोजन करवाने के लिये ओर राजस्थान के मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया था। मुख्यमंत्री ने प्रत्र में बताया में राम कथा में नही आ सका। आपका कार्यक्रम सफल हो यही शुभकामनाएं देता हूं। गौरतलब है कथा वाचक काशी निवासी प्रेम प्रभात जी महाराज के मुखारविंद से किया गया था। इस दौरान बीकानेर, जैसलमेर, पोकरण, ओसियां से कथा प्रेमी कथा सुनने आये।

### पीएम उषा के तहत एमजीएसयू को 20 करोड़ का अनुदान, मोदी करेंगे 20 को कार्यक्रम का डिजिटल लोकार्पण : कुलपति दीक्षित

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बीकानेर संभाग के लिए विशेष खुश-खबर है। संभाग के विश्वविद्यालय महाराजा गंगा सिंह को प्रधान मंत्री



उच्तर शिक्षा अभियान ह्लपीएम उषाङ्क के तहत भौतिक अन्य अकादमिक और शोध परक कार्यों में उन्नयन के लिए 20 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत हुई है। कुलपति प्रो मनोज दीक्षित ने बताया कि पीएम उषा अभियान के तहत देश भर के विश्वविद्यालयों से इस बाबत प्रस्ताव आमंत्रित किए थे। विश्वविद्यालय द्वारा भेजा गया प्रस्ताव हुबहू स्वीकृत हुआ है। इस राशि से विश्वविद्यालय के अकादमिक, शोध और भौतिक संसाधनों में अभिवृद्धि होगी जिसका लाभ विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को प्राप्त होगा। 20 करोड़ रुपए ग्रांट राशि से इंफ्रास्ट्रक्चर कंस्ट्रक्शन, लैबोरेट्री इंक्यूपमेट खरीद, लैब आधुनिकीकरण के कार्य होंगे।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों के 300 से उच्च शिक्षा प्रणालियों में सुधार के लिए पीएम उषा मिशन शुरू लिए प्रदेश भर के विवि से आवेदन मांगे गए थे। एमजीएसयू के प्रस्ताव को हुबहू स्वीकृति मिलना अत्यंत हर्ष का विषय है। प्रस्ताव की स्वीकृति विश्वविद्यालय की टीम के सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है। मीडिया प्रभारी एवं अतिरिक्त कुल सचिव शैक्षणिक डॉ विठ्ठल बिस्सा ने बताया कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी इस योजना का राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल लोकार्पण मंगलवार, 20 फरवरी को करेंगे।

# घोड़ी पर बिठाकर जैसलमेरी साफा पहनाकर दूल्हे जैसे एसपी विकास सांगवान को किया विदा

■ संजीवनी टुडे

जैसलमेर। भारत-पाकिस्तान के अंतिम छोर पर सरहद के जिले से हनुमानगढ़ तबादला हुए एसपी विकास सांगवान को पुलिस कर्मियों ने अनूठी विदाई दी। उन्होने एसपी की विदाई को शादी समारोह में तब्दील कर लिया। आईपीएस विकास सांगवान को पुलिस कर्मियों ने घोड़ी पर बिठाया और दूल्हे की तरफ साफा पहनाकर ढ़ोल नगाड़ों के साथ विदाई दी। दरअसल, महज 8 महीने में ही जैसलमेर एसपी विकास सांगवान के तबादले से जनता समेत सभी पुलिस कर्मी हैरान है। अपने 8 महीने के जैसलमेर के कार्यकाल के दौरान आईपीएस विकास सांगवान ने अपनी कार्यशैली से सभी का दिल जीत लिया था। उनके हनुमानगढ़ तबादले से सभी अंदर से बेहद दुखी भी हुए और सोशल मीडिया पर



तबादले का विरोध भी जताया। पुलिस कर्मियों ने अपने कप्तान की विदाई को यादगार बनाने के लिए उन्हे दूल्हे की तरह घोड़ी पर बैठाकर ढ़ोल-नगाड़ों के साथ शादी समारोह की तरह विदाई देकर इस विदाई को यादगार बना दिया। सरकार बदलने के साथ ही तबादलों का दौर शुरु होना आम बात है ऐसे में कुछ अधिकारी अपने काम करने के अंदाज के साथ-साथ पब्लिक और स्टॉफ से जुड़ाव के कारण सबके दिलों में जगह बना लेते है जब ऐसे अधिकारी का तबादला होता है तब हर कोई एकबारगी मायुस हो जाता है दरअसल बीते दिन राज्य सरकार के कार्मिक विभाग का एक आदेश जारी हुआ जिसमें 65 आईपीएस की तबादला सूची जारी हुई। ऐसे में भारत-पाक सरहद पर बसे सीमावर्ती जिले जैसलमेर में पुलिस कप्तान की कमान संभाले विकास सागवान का भी स्थानांतरण जैसलमेर से हनुमानगढ़ कर दिया गया। इस आदेश के बाद जैसलमेर में पुलिस महकमें के साथ ही जैसलमेर की जनता में भी काफी नाराजगी नजर आई। क्योंकि युवा आईपीएस विकास सागवान ने जैसलमेर में 3 जून 2023 को पदभार संभाला था और महज 8 महीने में इन्होंने कई बड़े चोरी, डकैती, हत्या जैसे मामलों का खुलासा किया। वहीं शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के चलते सुर्खियों में बने रहे। आखिरकार रविवार को जैसलमेर पुलिस अधीक्षक विकास सागवान हनुमानगढ़ के लिए रवाना हो गए। इससे पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस विभाग के कार्मिकों द्वारा अपने कप्तान की विदाई को यादगार बनाने के लिए उन्हें सरप्राइज दिया गया और इस विदाई समारोह को शादी समारोह की तरह यादगार बना दिया गया। कार्मिकों ने पुलिस कप्तान को दूल्हे की तरह साफा पहनाया और ढोल-नगाड़ों के गाजे बाजे के साथ घोड़ी पर बिठाकर उन्हें विदाई दी गई। जैसलमेर के इतिहास में ये शायद पहला मामला सामने आया है कि किसी पुलिस अधीक्षक को उनके कार्मिकों द्वारा घोड़ी पर बिठाकर विदाई दी गई हो। यंग आईपीएस विकास सागवान 2018 बैंच के आईपीएस है।

# कार्यों एवं गत साप्ताहिक बैठक के निर्देशों की पालना की समीक्षा

■ संजीवनी टुडे

फलोदी। जिला कलक्टर हरजीलाल अटल की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्टर सभागार में को गत साप्ताहिक समीक्षा बैठक के निर्देशों की पालना की समीक्षा की गई। बैठक में जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण, जोधपुर डिस्कॉम, पशुपालन, कृषि एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यों व पूर्व निर्देशों की पालना पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर अटल ने विभागीय योजनाओं ,कार्यों की प्रगति एवं निर्देशों के प्रत्येक बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश को सख़्ती से पालना के निर्देश दिए। जिला कलक्टर अटल ने पीएचईडी, पीडब्ल्यूडी , स्वास्थ्य व डिस्कॉम के अधिकोरियों को आमजन से जुड़े मामलों में गम्भीरता पूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त



जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाल सिंह बोचल्या, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ लाल चंद, जोधपुर डिस्कॉम में अधीक्षण अभियन्ता पीएस राठौर, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल डॉ प्रेमप्रकाश सुथार, कृषि विभाग में संयुक्त निदेशक श्री बंशीधर, जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में अधीक्षण अभियंता श्री मनीन्द्र सिंह चौधरी , सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री चतुर्भुज , पशुपालन विभाग के उपनिदेशक श्री भागीरथ सोनी उपस्थित रहे।

# 19 हजार से ज्यादा किमी की पैदल यात्रा कर देशनोक पहुंचे लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहे किरण वर्मा

■ संजीवनी टुडे

देशनोक। कहते हैं कि कुछ करने का जूनून हो तो लोग ही इतिहास रच देते हैं। दुनिया में ऐसे लाखों उदहारण हैं जहां लोगों ने अपनी इच्छा शक्ति से नामुमकिन को मुमकिन कर दिखाया। ऐसे ही एक जुनूनी शख्स हैं किरण वर्मा, जिन्होंने संसाधनों की कमी के बावजूद 21 हजार किलोमीटर से अधिक की पैदल यात्रा करने का प्रण लिया। किरण वर्मा ने अब तक 19 हजार किलोमीटर से अधिक पैदल चलकर लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया है। 780 दिनों का सफर करने के बाद देशनोक पहुचे जहाँ श्री करणी मन्दिर में विशेष पूजा अर्चना कर देश प्रदेश की खुशहाली की कामना की । नगर पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश मूंधड़ा की अगुवाई में साफा व पार्षद जगदीश प्रसाद शर्मा ने शॉल ओढ़ाकर अभिवादन किया हर कहानी के किरदार की जिंदगी में एक ऐसा लम्हा जरूर होता है जो उसे सोचने पर मजबूर कर देता है और फिर वो इंसान एक बड़ा बदलाव लाने की राह पर निकलता है। किरण बताते हैं कि ऐसी दो घटनाएं थीं जिसने उन्हें




ऐसा करने के लिए प्रेरित किया। वो कहते हैं 2016 में एक बार रायपुर की एक महिला को अपने पति के लिए ब्लड की जरूरत थी, मैंने ब्लड डोनेट किया। जब महिला से बातचीत की तो पता चला कि उसे अपने पति के इलाज और ब्लड को अरेंज करने के लिए शरीर बेचना पड़ा। वहीं दूसरी वाक़्या 2017 की है जब दिल्ली के एम्स में 14 साल का एक बच्चा एडमिट था। वक्त पर प्लेटलेट्स नहीं मिल पाने की वजह से उसने अपने पिता के सामने ही तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। मेरे घर भी पहला बच्चा आने वाला था, तब मुझे लगा कि ये किसी के साथ भी हो सकता है और फिर मैंने एक बड़ा फैसला लिया, जिसमें मुझे मेरे परिवार ने सपोर्ट किया। मैंने अपनी नौकरी छोड़कर 'सिंपली ब्लड' नाम से गक्र की शुरुआत की, जहां 2 लाख से ज्यादा ब्लड डोनर रजिस्टर्ड हैं। अब पूरे देश में ब्लड डोनेट करने की मुहिम को लेकर 21,000 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर निकल पड़ा हूं। किरण चाहते हैं कि लोग ब्लड डोनेशन को लेकर इतने जागरूक हों कि 2025 तक समय पर ब्लड नहीं मिलने की वजह से एक भी व्यक्ति की मौत ना हो। वो कहते हैं, 'सरकार हॉस्पिटल बना सकती है। ब्लड बैंक बना सकती है, लेकिन ब्लड नहीं बना सकती। इसके लिए हमें ही आगे आना पड़ेगा।

# बीकानेर को पहले राष्ट्रीय स्तरीय एकेडमिक संस्थान नाईलिट की सौगात, केन्द्रीय मंत्री मेघवाल 21 को करेंगे उद्घाटन

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। राजस्थान में बीकानेर को पहले राष्ट्रीय स्तरीय एकेडमिक संस्थान की सौगात मिलने वाली है। दरअसल, राष्ट्रीय स्तरीय एकेडमिक संस्थान नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी(नाईलिट) इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की संस्थान है। संभाग के सबसे बड़े राजकीय डूंगर महाविद्यालय में इंडस्ट्री की डिमांड पूरी करने वाले जॉब रेडी कम्प्यूटर कोर्स शुरू होने जा रहे हैं।नाईलिट बीकानेर में लगभग डेढ़ सौ कंप्यूटर की कंप्यूटर लैब स्थापित कर चुका है। देश भर में भारत सरकार द्वारा संचालित 47 केंद्रों में बीकानेर केंद्र यह अनेक विभिन्न प्रकार के फॉर्मल और इनफॉर्मल कोर्सेज इसमें करवाए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के प्रयासों से बीकानेर के युवाओं को आईटी, एआई, इलेक्ट्रॉनिक की स्किल डवलपमेंट करके अधिक से अधिक रोजगार योग्य युवाओं को तैयार करने का प्रयास रहेगा। इससे बीकानेर ही नही संभाग के युवाओं को भी फायदा मिल सकेगा। नाईलिट के बीकानेर केंद्र का उद्घाटन 21 फरवरी दोपहर



2।30 बजे डूंगर कॉलेज के चित्रकला विभाग के परिसर में होने जा रहा है। डूंगर कॉलेज के इस नाईलिट केंद्र का उद्घाटन केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के कर कमलों से संपन्न होगा। इस समारोह के में बीकानेर पश्चिम के विधायक जेठानंद व्यास, बीकानेर पूर्व की विधायक सिद्धि कुमारी, महाराजा गंगा सिंह विश्विद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित , बीकानेर नगर निगम की महापौर सुशीला राजपुरोहित, नाईलिट के महानिदेशक मदन मोहन त्रिपाठी, अधिशाषी निदेशक दीपक वासन करेंगे। यह जानकारी सोमवार को डूंगर कॉलेज में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान नाईलिट के वैज्ञानिक कपिल, डूंगर कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के पुरोहित, प्रोफ़ेसर डॉ प्रताप सिंह व प्रो ब्रजरतन जोशी ने दी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत समस्त कोर्सेज राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित शिक्षकों और वैज्ञानिकों द्वारा भारत सरकार द्वारा सब्सिडाइज्ड दरों पर कोर्स उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही ये कोर्स अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों को निशुल्क उपलब्ध होंगे। इस संस्थान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ,साइबर सुरक्षा के साथ ए ,ओ केवल, ट्रिपल सी जैसे आकर्षक पाठयक्रम में उनकी गति बढ़ेगी। प्रेस कांफ्रेंस को भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश आचार्य, प्रवक्ता अशोक प्रजापत, रवि अग्रवाल ने भी संबोधित किया था।

# डॉ अतुल गुप्ता की पुस्तक मैं किसान संत गोविंददेव गिरिजी ने किया विमोचन



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ। अतुल गुप्ता ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास अयोध्या के कोषाध्यक्ष राष्ट्र सन्त स्वामीश्री गोविंददेव गिरिजी महाराज का माला व दुपट्टा पहना कर स्वागत अभिनंदन किया तथा गोमती माता की पूजा संपन्न कराई। गोमती गाय माता को हरा चारा व गुड़ खिलाया तथा चरणों की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात श्री काल भैरव मंदिर में वैदिक मंत्रो द्वारा आचार्य विष्णु दाधीच टोरड़ी ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना और हवन करवाया। महाराज श्री ने प्रवचन पूर्व अपने आराध्य श्री राम दरबार का अर्चन करते हुए कहा कि पिंजरापोल गौशाला संपूर्ण भारत में कृषि के क्षेत्र में अलौकिक कार्य कर रहा है म्महाराज श्री ने स्टीविया के पौधे व औषधीयों के अनंत प्रयोग मानव जीवन में गौ कृषि के द्वारा राष्ट्र निर्माण को अहम बताया म्डॉ। अतुल गुप्ता द्वारा 5000 वर्ष पूर्व लिखे गए वेद महर्षि चरक द्वारा चरक संहिता की ओरिजिनल प्रति महाराज श्री को भेंट की तो उन्होने अत्यंत प्रसन्नता की अनुभूति हुई। भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ। अतुल गुप्ता द्वारा लिखी पुस्तक "मैं किसान" का महाराज श्री विमोचन किया तथा गौ आधारित उत्पादों का अवलोकन भी किया। डा गुप्ता के आग्रह पर स्वामीजी ने वादा किया कि अगली बार शीघ्र ही पूरे दिन ऑर्गेनिक उत्पादों और नर्सरी में पूरे दिन रहकर लाभ लुंगा। कार्यक्रम में पिंजरापोल गौशाला समिति के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मोनिका गुप्ता, राधेश्याम विजयवर्गीय, शिवरतन चितलांगिया, राजू मंगोड़ीवाले, विवेक लड्ढा , संगीता गौड़, अंकित चितलांगिया, नारायण अग्रवाल, नागेंद्र शर्मा, मुकेश भारद्वाज सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### आईपीएस सुधीर चौधरी ने एसपी जैसलमेर का कार्यभार किया ग्रहण

■ संजीवनी टुडे

जैसलमेर। आईपीएस सुधीर चौधरी ने सोमवार को जैसलमेर एसपी का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने से पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहीं पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस जवानों ने पुलिस कप्तान सुधीर चौधरी का स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होने सभी पुलिस अधिकारियों से मुलाक़ात कर उनसे जिले की स्थिति को लेकर चर्चा की। जैसलमेर के नए एसपी



की पहचान काफी तेज तर्रार अफसर के रूप में रही है। बात चाहे सलमान खान केस की हो या आसाराम बापू के केस की या फिर राजस्थान के बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड की बात हो, इन्होंने तत्परता दिखाते हुए कम समय में ही मामलों का खुलासा कर दिया। चौधरी ने कई मामलों की सफल जांच की गई है, जैसे कि फिल्म अभिनेता सलमान खान के ट्रायल के दौरान जान से मारने की धमकी के मामले में लारेंस बिश्नोई गैंग का परिचायक होना और आशाराम केस में मेडिकल सर्टिफिकेट का फर्जीवाड़ा प्रकट करना शामिल है। भारतीय पुलिस सेवा के दबंग अधिकारी सुधीर चौधरी ने सोमवार शाम जैसलमेर पुलिस अधीक्षक का जब पदभार संभाला। गौरतलब है कि शनिवार को आईपीएस तबादला सूची आने के बाद जैसलमेर एसपी विकास सांगवान का हनुमानगढ़ तबादला होने के बाद नव नियुक्त ऋष्ट्ट सुधीर चौधरी ने पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में एसपी जैसलमेर का कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान एसपी सुधीर चौधरी ने कहा कि आमजन में विश्वास व अपराधियों में भय के राजस्थान पुलिस के नियम पर काम किया जाएगा।

# गृहमंत्री अमित शाह कल बीकानेर में संभाग स्तरीय क्लस्टर बैठक को करेंगे संबोधित

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। केंद्रीय गृह मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित शाह के दौरे को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं गृहमंत्री अमित शाह कल बीकानेर में संभाग स्तरीय क्लस्टर बैठक को संबोधित करेंगे इस बैठक को लेकर आज केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व बीकानेर संभाग लोकसभा कलस्टर संयोजक सतीश पूनिया, केबिनेंट मंत्री सुमित गोदारा, संभाग प्रभारी सी।आर। चौधरी ने भाजपा नेताओं के साथ बैठक से पूर्व तैयारियों का जायजा लिया और व्यवस्था को लेकर प्रमुख नेता, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों दिशा निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा भाजपा राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जिस प्रकार लोकसभा चुनाव में जीत पक्की करने के साथ सीटों की संख्या को 400 के पार का लक्ष्य रखा उसी लक्ष्य को धरातल पर लाने का मूलमंत्र देने गृहमंत्री अमित शाह बीकानेर संभाग की बैठक लेने आ रहे है प्रधामंत्री जी का भरोसा अभी बार 400 पार के साथ पूर्ण बहुमत से देश में कमल खिलेगा। लोकसभा संयोजक सतीश पूनिया ने कहा ये बीकानेर के लिए सौभाग्य की बात है दिल्ली में राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की विशेष उपस्थिति में लोकसभा जीतने का विजय संकल्प 20 फरवरी को बीकानेर से शुरू हो रहा है गृहमंत्री अमित शाह सुबह से लेकर शाम तक राजस्थान में रहेंगे और अलग-अलग संभागों में बैठकें करेंगे शाह सुबह सबसे पहले बीकानेर आएंगे और वे यहां बीकानेर, श्रीगंगानर और चूरू लोकसभा की प्रबंधन समिति, चुनाव समन्य समिति और लोकसभा कोर कमेटी की बैठकें लेंगे



इसमें मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, सांसद क्षेत्र के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित 250 प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। देहात जिलाध्यक्ष जालम सिंह भाटी ने बताया गृहमंत्री अमित शाह सुबह 11 बजे दिल्ली से रवाना होकर 11:55 पर नाल हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे नाल से सड़क मार्ग से रवाना होकर 12:10 पर पार्क पैराडाइज पहुंचकर बैठक को संबोधित करेंगे 1:15 बजे बीकानेर से रवाना होकर 1:30 पर बीकानेर नाल हवाई अड्डे से उदयपुर के लिए रवाना होंगे। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने बताया माननीय गृहमंत्री अमित शाह जी के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, केबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, सुमित गोदारा, अविनाश गहलोत, बीकानेर संभाग प्रभारी सी।आर। चौधरी, संभाग सह प्रभारी श्रवण सिंह बगड़ी, सांसद निहालचंद मेघवाल, राहुल कस्वा उपस्थित रहेंगे। आज की तैयारी बैठक में लोकसभा प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, ओम सारस्वत, महामंत्री मोहन सुराणा, श्याम चौधरी, नरेश नायक, महेश मुंड, श्याम पंचारिया, दीपक पारीक, आनंद सिंह भाटी, सांगीलाल गहलोत, अशोक प्रजापत, जतिन सहल, नरसिंह सेवग, अजय खत्री, कमल आचार्य उपस्थित रहे।

# प्रदेश में भाजपा की सरकार खुले में मांस बेचने वाले पर हुई सख्त, अवैध बूचड़खानों पर नगर परिषद का चला पीला पंजा

■ संजीवनी टुडे

जैसलमेर। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अवैध बूचड़खाने बंद करवाने के आदेश जारी किए गए थे लेकिन भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे सीमावर्ती जिले जैसलमेर में इसका असर नहीं दिख रहा था। शहर व आस-पास के इलाकों में धड़ल्ले से अवैध मांस की दुकानें चल रही थी वहीं खुलेआम राज्य सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए पशुओं को काटा भी जा रहा था। पर्यटन की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण स्वर्णनगरी जैसलमेर शहर की बात करें तो शहर में एंट्री होते ही चौराहा पर और शहर में धार्मिक स्थलों के पास इन दिनों मांस की दुकानों में बढ़ोतरी को देखा जा रहा है। खास बात यह कि नगर परिषद और ग्रामीण क्षेत्रों में कई दुकानें बिना पंजीकृत धड़ल्ले से चल रही है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद राजस्थान सरकार के सख्त आदेश के बावजूद जैसलमेर शहर के मंदिरों के पास भी दुकानें संचालित हो रही है। अवैध मीट की दुकानों पर कार्यवाही करने के लिए नगर परिषद द्वारा गत बोर्ड बैठक में भाजपा विधायक छोटू सिंह भाटी की मौजूदगी में आयुक्त नगर परिषद लजपाल सिंह द्वारा निर्णय लिया गया कि



शहर में अवैध रूप से संचालित मांस की दुकानों को हटाकर एक जगह संचालित किया जाए। वहीं सोमवार को नगर परिषद अपनी नीद से जागी। वही शहर के बाहर सरकारी जमीन पर अवैध रूप से संचालित हो रहे बूचडखानों पर नगर परिषद का पीला पंजा चला उन्हें हटाया गया। इस सम्बन्ध में परिषद आयुक्त लजपाल सिंह ने बताया कि अवैध रूप से चलाई जा रही मांस की दुकानों को हटाया गया और दुकानदारों को हिदायत दी गई की वे राज्य सरकार के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं वहीं शहर के सौंदर्यकरण में बाधा उत्पन्न कर रहे है। नगर परिषद द्वारा कार्यवाही कर अवैध बूचड़खानों को हटाया गया है। वहीं अब नगर परिषद द्वारा उन्हें दूसरी जगह बसाया जाएगा। वही अब आगामी समय मे नगर परिषद द्वारा शहर में आवासीय कॉलोनी में संचालित मांस की दुकानों पर कार्रवाई की जाएगी और पंजीकृत मीट शॉप का जहां निरीक्षण किया जाएगा वहीं अवैध रूप से चल रहे मीट शॉप को बंद करवाया जाएगा। वही अब देखने की बात ये रहेगी कि शहर के बीचो-बीच धार्मिक स्थलों के पास चल रही मांस की दुकानों को हटाया जाएगा या यह अभियान कागज़ो तक सीमित रहेगा।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह मनाया

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। करणी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देशनोक में आज राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह मनाया गया।समापन समारोह का प्रारंभ उप प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्रकांता सुडिया और वरिष्ठ व्याख्याता श्री मोहन दान देपावत ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।यह शिविर दिनांक 13 फरवरी 2024 से 19 फरवरी 2024 तक आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना देशनोक इकाई के शिविर एवं कार्यक्रम प्रभारी श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के कक्षा 12 के स्वयंसेवकों ने अनेक गतिविधियों में भाग लिया तथा श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की उप प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्रकांता सुडिया ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में बच्चों को अवगत कराया ।? श्री मुकेश सोनी वरिष्ठ व्याख्याता ने बच्चों को राष्ट्र सेवा के कार्यों में तत्पर रहने की प्रेरणा दी




तथा स्वयंसेवकों के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के महत्व के बारे में अवगत करवाया। कार्यक्रम में शिविर के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में श्री धर्मेन्द्र गोदारा, श्रीमती तनुजा गर्ग, श्री जोगेंद्र वासु, श्री बाबू खान, श्री सांवर लाल कुमावत सहित समस्त विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही।शिविर में अनेक प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की गई जिसमें? स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर एवं वाटिका की स्वच्छता, पौधारोपण एवं श्रमदान, कच्ची बस्ती की सफाई अभियान आदि कार्य किए गए। सभी स्वयंसेवकों की उपस्थिति ली गई तथा कार्यक्रम में नाश्ते, चाय , भोजन इत्यादि की व्यवस्था की गई । कार्यक्रम प्रभारी श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि शिविर में स्वयंसेवकों ने उत्साह के साथ भाग लिया और श्रमदान में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की।

सम्पादक की कलम से....

सम्पादकीय

# भारत में जन धन खाते अब नई सुविधा के साथ

यदि आपने प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत अब तक अपना बैंक खाता नहीं खुलवाया है तो अब और अधिक विलम्ब मत कीजिए। क्योंकि जन अनुकूल और गरीब अनुकूल पहलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बहुआयामी योजना के तहत लाभान्वित होने वाले लोगों की कतिपय सुविधाओं में तकरीबन दुगुना इजाफा करवाने के साथ साथ इसकी समय सीमा एक बार फिर बढ़ा दी है ताकि अभिवंचित लोग शीघ्रतापूर्वक इसका फायदा उठा सकें। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गत दिनों आयोजित अपनी बैठक में वित्तीय समावेश के लिए राष्ट्रीय मिशन के रूप में बहुचर्चित प्रधानमंत्री जन धन योजना यानी पीएमजेडीवाई को कुछ विशेष परिवर्तनों के साथ जारी रखने को मंजूरी दे दी है। इससे स्पष्ट है कि पीएमजेडीवाई जिसकी अवधि गत 14 अगस्त, 2018 को समाप्त हो चुकी थी, अब उसी दिन से पुन: प्रभावी हो चुकी है, क्योंकि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसे हरी झंडी दे दी है। मसलन, नए मसौदे के तहत जो मुख्य परिवर्तन किए गए हैं वो इस प्रकार हैं- पहला, पांच हजार रुपये की मौजूदा ओवर ड्राफ्ट सीमा बढ़ाकर दस हजार रुपये की गई है। दूसरा, दो हजार रुपये तक के ओवर ड्राफ्ट के लिए कोई शर्त नहीं होगी। तीसरा, ओडी सुविधा का लाभ उठाने के लिए आयु सीमा संशोधित करके 18-60 साल के बजाय 18-65 साल की जाएगी। चौथा, 'हर परिवार से लेकर हर वयस्क व्यक्ति' तक की विस्तारित कवरेज के तहत 28 अगस्त 2018 के बाद खोले गए नए पीएमजेडीवाई खातों के अंतर्गत नए रुपे कार्ड धारकों के लिए दुर्घटना बीमा कवर को 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपये किया जाएगा। इससे स्पष्ट है कि इस मिशन को जारी रखने के परिणामस्वरूप देश के सभी वयस्क व्यक्ति और परिवार अन्य वित्तीय सेवाओं एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करने और 10,000 रुपये तक की ओवर ड्राफ्ट सुविधा के साथ कम से कम एक बुनियादी बैंक खाता खोलने में सक्षम हो जाएंगे। इससे उन्हें वित्तीय सेवाओं की मुख्यधारा में लाने के साथ-साथ सरकार की विभिन्न सब्सिडी योजनाओं के लाभों को अधिक कुशलतापूर्वक हस्तांतरित करने में भी मदद मिलेगी। आपको पता होना चाहिए कि पीएमजेडीवाई के तहत के केंद्र सरकार की निम्नलिखित उपलब्धियां हैं जो प्रशंसनीय है- पहला, लगभग 32.41 करोड़ जन धन खातों को 81,200 करोड़ रुपये से भी अधिक की जमा राशि के साथ खोला गया है। दूसरा, 53 प्रतिशत महिला जन धन खाता धारक और 59 प्रतिशत जन धन खाते ग्रामीण एवं अर्ध शहरी क्षेत्रों में हैं।

तीसरा, 83 प्रतिशत से भी अधिक सक्रिय जन धन खातों (असम, मेघालय, जम्मू-कश्मीर राज्यों को छोड़कर) को 'आधार' से जोड़ दिया गया है। साथ ही, इन खाता धारकों को लगभग 24.4 करोड़ रुपे कार्ड जारी किए गए हैं। तीसरा, 7.5 करोड़ से भी अधिक जन धन खातों में डीबीटी हो रहे हैं। चौथा, बैंकिंग कॉरस्पॉंडेंट (बीसी) को 1.26 लाख उप सेवा क्षेत्रों (ग्रामीण क्षेत्र) में तैनात किया गया है जिनमें से प्रत्येक कॉरस्पॉंडेंट 1000-1500 परिवारों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस प्रकार लगभग 13.16 करोड़ 'आधार' आधारित भुगतान प्रणाली (एईपीएस) लेन-देन जुलाई, 2018 के दौरान बीसी के जरिए किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत 13.98 करोड़ सदस्य बन चुके हैं। जबकि, अब तक 388.72 करोड़ रुपये की राशि वाले 19,436 दावों को निपटाया गया है। इसी तरह, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत 5.47 करोड़ सदस्य बन चुके हैं। इसके तहत अब तक 2206.28 करोड़ रुपये के 1.10 लाख दावों को निपटाया गया है। जबकि 1.11 करोड़ लोग अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के सदस्य बन चुके हैं। गौरतलब है कि पीएमजेडीवाई के कार्यान्वयन के लिए एक पाइपलाइन बनाई गई है जिसके माध्यम से जन धन खातों और मोबाइल बैंकिंग को 'आधार (जैम)' से जोड़ दिया गया है। यह पाइपलाइन न केवल बचत, ऋण वितरण, सामाजिक सुरक्षा इत्यादि को सुविधाजनक बना रही है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# घरेलू हिंसा की गहरी होती जड़ें



कोरोना के संक्रमण पर काबू पाने के लिए लगाई गई पूर्णबंदी के दौर में व्यापक पैमाने पर लोगों को रोजगार और रोजी-रोटी से वंचित होना पड़ा और इसके साथ-साथ घर में कैद की स्थिति में असंतुलन, आक्रामकता एवं तनावपूर्ण रहने की नौबत आई। जाहिर है, यह दोतरफा दबाव की स्थिति थी, जिसने जीवन में अनेकानेक बदलावों के साथ व्यवहार में निराशा, हताशा और हिंसा की मनोवृत्ति को बढ़ाया। इस दौरान महिलाओं एवं बच्चों से मारपीट, उनकी प्रताड़ना, अपमान आदि की घटनाएं बढ़ी। पति-पत्नी और पूरा परिवार लम्बे समय तक घर के अंदर रहने को मजबूर हुआ, जिससे जीवन में ऊब, चिड़चिड़ापन एवं वैचारिक टकराव कुछ अधिक तीखे हुए और महिलाओं एवं बच्चों के साथ मारपीट की घटनाएं बढ़ीं।

इन नये बने त्रासद हालातों की पड़ताल करने के लिये राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की ओर से देश के बाईस राज्यों और केंद्र प्रदेशों में एक अध्ययन कराया गया जिसमें घरेलू हिंसा के बीच महिलाओं की मौजूदा स्थिति को लेकर जो तस्वीर उभरी है, वह चिंताजनक है और हमारे अब तक के सामाजिक विकास पर सवालिया निशान है। महिलाओं की आजादी छीनने की कोशिशें और उससे जुड़ी हिंसक एवं त्रासदीपूर्ण घटनाओं ने बार-बार हम सबको शर्मसार किया है। भारत के विकास की गाथा पर यह नया अध्ययन किसी तमाचे से कम नहीं है। इस व्यापक अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक कई राज्यों में तीस फीसद से ज्यादा महिलाएं अपने पति द्वारा शारीरिक और यौन हिंसा की शिकार हुई हैं। सबसे बुरी दशा कर्नाटक, असम, मिजोरम, तेलंगाना और बिहार में है। कर्नाटक में पीड़ित महिलाओं की तादाद करीब पैंतालीस फीसद और बिहार में चालीस फीसद है। दूसरे राज्यों में भी स्थिति इससे बहुत अलग नहीं है। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर ऐसी घटनाओं में तेज इजाफा होने की आशंकाएं भावी पारिवारिक संरचना के लिये चिन्ताजनक है। संयुक्त राष्ट्र भी कोरोना महाव्याधि के दौर में महिलाओं और लड़कियों के प्रति घरेलू हिंसा के मामलों में 'भयावह बढ़ोतरी' दर्ज किये जाने पर चिंता जता चुका है। यह बेहद अफसोसजनक है कि जिस महामारी की चुनौतियों से उपजी परिस्थितियों से पुरुषों और महिलाओं को बराबर स्तर पर जूझना पड़ रहा है, उसमें महिलाओं को इसकी दोहरी मार झेलनी पड़ी है।

कोरोना की पूर्णबंदी खुलने के बाद भी ऐसी घटनाएं चिंताजनक स्तर पर कायम रहना एक गंभीर स्थिति है। इसका मुख्य कारण आर्थिक तंगी, रोजगार और कामकाज का बाधित होना या छिन जाना था। महानगरीय जीवन में तनाव और हिंसा की स्थितियां सामान्यतया देखी जाती हैं। इसकी वजहों के कई कारण हैं। आर्थिक तंगी की वजह से कई लोग अपने भीतर का तनाव परिवार के सदस्यों पर निकालते हैं। महिलाएं और बच्चे उनका आसानी से शिकार बनते हैं। इसके अलावा महात्वाकांक्षाएं भी एक वजह है, जिसके चलते महानगरीय चमकदमक में कई लोग सपने तो बड़े पाल लेते हैं, पर जब वे पूरे होते नहीं दिखते तो उसकी खीझ पत्नी और बच्चों पर निकालते हैं। पूर्णबंदी के दौरान बालविकास मंत्रालय ने घरेलू हिंसा रोकने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रमों को और बढ़ाने का प्रयास शुरू कर दिया है। लेकिन सरकारी प्रयासों के अलावा जन सोच को बदलना होगा। एक टीस से मन में उठती है कि आखिर घरेलू हिंसा क्यों बढ़ रही है? नारी एवं मासूम बच्चों पर हिंसा का यह कहर क्यों बरपाया है? पतियों की हिंसा से बच भी जाये तो बलात्कार, छेड़खानी एवं सामाजिक विकृतियों की आग में वह भस्म होती है। हम भले ही समाज के अच्छे पहलुओं की चर्चा कर लें, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं है कि महिलाओं के प्रति आम सामाजिक नजरिया बहुत सकारात्मक नहीं रहा है। बल्कि कई बार घरेलू हिंसा तक को कई बार सहज और सामाजिक चलन का हिस्सा मानकर इसकी अनदेखी करके परिवार के हित में महिलाओं को समझौता कर लेने की सलाह भी दी जाती है। ऐसे में घरों की चारदिवारी में पलती हिंसा एक संस्कृति के रूप में ठोस शक्ल अख्तियार कर लेती है। महिलाओं पर हो रहे इस तरह के अन्याय, अत्याचारों की एक लंबी सूची रोज बन सकती है। न मालूम कितनी महिलाएं, कब तक ऐसे जुल्मों का शिकार होती रहेंगी। कब तक अपनी मजबूरी का फायदा उठाने देती रहेंगी। दिन-प्रतिदिन देश के चेहरे पर लगती यह कालिख को कौन पोछेगा? कौन रोकेगा ऐसे लोगों को जो इस तरह के जघन्य अपराध करते हैं, नारी को अपमानित करते हैं, बच्चों को प्रताड़ित करते हैं। दरअसल, यह एक सामाजिक विकृति है, जिससे तत्काल दूर करने की जरूरत है। लेकिन यह तभी संभव है, जब सरकारों की नीतिगत प्राथमिकताओं में सामाजिक विकास और रूढ़ विचारों पर नजरिया और मानसिकता बदलने का काम शामिल हो। माना जाता है कि जिन समाजों में शिक्षा का प्रसार ठीक से नहीं हुआ है, उन्हीं में महिलाओं और बच्चों के साथ हिंसक व्यवहार अधिक होता है। मगर यह धारणा अनेक घटनाओं से गलत साबित हो चुकी है। पढ़े-लिखे और सभ्य कहे जाने वाले समाजों में भी महिलाएं न तो सुरक्षित हैं और न उन्हें अपेक्षित सम्मान हासिल है। कोरोना संक्रमण के दौरान ही नहीं बल्कि भारत में पिछले कुछ सालों में घर से लेकर सड़क और कार्यस्थल तक महिलाओं के उत्पीड़न एवं हिंसा का मुद्दा राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बना है। मीटू आंदोलन ने इसे और ऊंचाई दी है और खासकर कामकाजी दायरे में यौन शोषण के मुद्दे को केंद्र में ला दिया है। लेकिन गौर करने की बात है कि अभी सारी बहस महिलाओं के सार्वजनिक जीवन को लेकर ही हो रही है। महिलाओं की घरेलू हिंसा के बारे में तो अभी बात शुरू भी नहीं हुई है कि घर के भीतर उन्हें कैसी त्रासद एवं हिंसक घटनाओं को झेलना पड़ रहा है। इस विषय पर चर्चा शायद इस लिए भी नहीं होती कि भारत में घर को एक पवित्र जगह के तौर पर देखा जाता है और इसके भीतरी माहौल को सार्वजनिक चर्चा के दायरे में लाना मर्यादा के खिलाफ समझा जाता है।

पुरुष-प्रधान समाज को उन आदतों, वृत्तियों, महत्वाकांक्षाओं, वासनाओं एवं कट्टरताओं को अलविदा कहना ही होगा जिनका हाथ पकड़कर वे उस ढ़लान में उतर गये जहां रफ्तार तेज है और विवेक अनियंत्रित हैं जिसका परिणाम है नारी एवं बच्चों पर हो रही घरेलू हिंसा, नित-नये अपराध और अत्याचार। पुरुष-प्रधान समाज के प्रदूषित एवं विकृत हो चुके तौर-तरीके ही नहीं बदलने हैं बल्कि उन कारणों की जड़ों को भी उखाड़ फेंकना है जिनके कारण से बार-बार नारी को जहर के घूंट पीने को विवश होना पड़ता है। यही वजह है कि आज भी महिलाओं को घर से लेकर कामकाज तक के मामले में सार्वजनिक स्थानों पर कई तरह की वंचनाओं, विकृत सोच और भेदभावों का शिकार होना पड़ता है। यह रवैया आगे बढ़ कर हिंसा की अलग-अलग शक्ल में सामने आता है, जिसे समाज में अघोषित तौर पर सहज माना जाता है। इस मामले पर चिंता तो लगातार जताई जाती रही है, लेकिन आज भी ऐसी संस्कृति नहीं विकसित की जा सकी है, जिसमें महिलाएं अपने अधिकार और गरिमा के साथ सहजता से जी सकें। विडंबना यह है कि इनमें से ज्यादातर महिलाओं को इस तरह की घरेलू हिंसा से कोई खास शिकायत भी नहीं है। मतलब यह कि उन्होंने इसे अपनी नियति मानकर स्वीकार कर लिया है। लेकिन क्यों? घर-आंगन में पिस रही औरतों के अधिकार का प्रश्न बीच में एक बार उठा, जिससे निपटने के लिए घरेलू हिंसा कानून बनाया गया।

**विचार बिन्दु**

**इसका एक कारण पति पर उनकी आर्थिक निर्भरता होती है लेकिन जो महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होती हैं, वे भी घरेलू हिंसा कानून का सहारा नहीं लेतीं क्योंकि उन्हें यह डर सताता है कि परिवार से अलग होते ही वे न सिर्फ लंपट पुरुषों के बल्कि पूरे समाज के निशाने पर आ जाएंगी। सचाई यह है कि कोई अकेली आत्मनिर्भर महिला भी चैन से अपना जीवन गुजार सके, ऐसा माहौल हमारे यहां अभी नहीं बन पाया है। कुछ महिलाएं अपने बच्चों के भविष्य के लिए घरेलू हिंसा बर्दाश्त करती हैं।**

# यह है भूल भुलैय्या वाला शिव मंदिर, मन्नत पूरी करनी हो तो जरूर आएं यहां

मध्यप्रदेश के रतलाम में देश ही नहीं दुनिया का सबसे अनोखा शिव मंदिर है, जिस भूल भुलैय्या वाले शिव मंदिर के नाम से जाना जाता है। प्राचीन शिव मंदिरों के बारे में तो आपने कई किवदंतियां सुनी होंगी। रतलाम। मध्य प्रदेश के रतलाम में देश ही नहीं दुनिया का सबसे अनोखा शिव मंदिर है, जिस भूल भुलैय्या वाले शिव मंदिर के नाम से जाना जाता है।

प्राचीन शिव मंदिरों के बारे में तो आपने कई किवदंतियां सुनी होंगी लेकिन रतलाम के बिलपांक गांव में एक शिव मंदिर ऐसा भी है जिसे भूल भुलैय्या वाला शिव मंदिर कहा जाता है। जी हां इसका नाम है विरूपाक्ष महादेव मंदिर। इस मंदिर की स्थापना मध्ययुग से पहले, परमार राजाओं ने की थी और भगवान भोले नाथ के ग्यारह रुद्र अवतारों में से पांचवें रूद्र अवतार के नाम पर, इस मंदिर का नाम विरूपाक्ष महादेव मंदिर रखा गया। इस मंदिर के चारों कोनों में चार मंडप भी बनाये गए हैं जिसमें भगवान गणेश, मां पार्वती और भगवान सूर्य की प्रतिमा को स्थापित किया गया है।

इस मंदिर को भूल भुलैय्या वाला शिव मंदिर भी कहा जाता है क्योंकि इस मंदिर में लगे खंभों की एक बार में सही गिनती करना किसी के बस की बात नहीं है। इस मंदिर के सभी 64 खंभों पर की गई नक्काशी देखने योग्य है। इस प्राचीन विरूपाक्ष महादेव मंदिर के अंदर 34 खंभों का एक मंडप है और सभी चारों कोनों पर, खंभों की गिनती 14-14 बनती है जबकि 8 खंभे अंदर गर्भगृह में हैं। ऐसे में एक बार में इन खंभों की सही गिनती करना मुश्किल है। जिसके चलते लोग इस मंदिर को भूल भुलैय्या वाला शिव मंदिर भी कहते हैं।

महाशिवरात्रि के मौके पर हर साल यहां मेला लगता है और भगवान विरूपाक्ष के दर्शन के लिए श्रद्धालु दूर दूर से यहां पहुंचते हैं। मान्यता है कि बाबा भोले नाथ के दर से कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं जाता। खास बात यह है कि इस मंदिर में आयोजित हवन के बाद बंटने वाले खीर के प्रसाद से, माँओं की सूनी गोद भी भरती है जिसके लिए दूर दूर से, बड़ी संख्या में महिलाएं विरूपाक्ष महादेव के दर्शन के लिए आती हैं। बीते 64 सालों से हर साल यहां इस महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें खीर की प्रसादी के लिए लोग प्रदेश और देश के कोने कोने से आते हैं। गोद भरने पर यहां बच्चों को मिठाईयों से भी तौला जाता है।

प्रशासन ने रतलाम के समीर बिलपांक का विरूपाक्ष मंदिर भी संरक्षित घोषित किया हुआ है। स्थापत्य कला की दृष्टि से ऊन व उदयेश्वर के शिव मंदिर व इसमें काफी साम्यता है। यहां 5.20 वर्गमीटर के गर्भगृह में पीतल की चद्दर से आच्छादित 4.14 मीटर परिधि वाली जलाधारी व 90 सेमी ऊंचा शिवलिंग स्थापित है। 64 स्तंभ वाले सभागृह में एक स्तंभ मौर्यकालीन भी है। यहां 75 वर्षों से हर शिवरात्रि पर महारुद्र यज्ञ होता है जिसमें खीर का प्रसाद ग्रहण करने दूर-दूर से बड़ी संख्या में निःसंतान दंपति आते हैं।

मंदिर में 64 खंभे, गर्भगृह, सभा मंडप व चारों और चार सहायक मंदिर हैं। सभा मंडल में नृत्य करती हुई अप्सराएं वाद्य यंत्रों के साथ हैं। मुख्य मंदिर के आसपास सहायक मंदिर भी मौजूद हैं। पूर्व सहायक मंदिर के उत्तर में हनुमानजी की ध्यानस्थ प्रतिमा, पूर्व दक्षिण में जलाधारी व शिव पिंड, पश्चिम के उत्तर में विष्णु भगवान गरुड़ पर विराजमान हैं। पश्चिम में दांयीं सूंड वाले गणेशजी की प्रतिमा है। मंदिर में शिवरात्रि पर लाखों लोग महादेव के दर्शन के लिए आते हैं।



**आज का इतिहास**

## 20 फरवरी की महत्वपूर्ण घटनाएँ

| | |
|---|---|
| 1620 | हंगरी के प्रिंस बेथलेन और रोम के सम्राट फर्डीनेंड द्वितीय के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। |
| 1783 | इटली के कैलब्रिया में आये भीषण भूकंप में 50 हजार लोग मारे गये। |
| 1797 | इक्वाडोर की राजधानी क्वीटो में आये विनाशकारी भूकंप में 41 हजार से अधिक लोग मारे गये। |
| 1847 | मैरीलैंड में अमेरिका की पहली टेलीग्राफ कंपनी की स्थापना की गयी। |
| 1881 | लोकमान्य तिलक के संपादन में दैनिक समाचार पत्र 'केसरी' का पहला अंक आया था। |
| 1895 | अमेरिका के शिकागो में पहले रोलिंग लिफ्ट पुल का उद्घाटन हुआ। |
| 1920 | लंदन से दक्षिण अफ्रीका के बीच पहली विमान सेवा शुरू। |
| 1924 | महात्मा गाँधी को उनका ख़राब स्वास्थ्य होने के कारण समय से पहले ही जेल से रिहा कर दिया गया। |
| 1932 | न्यूयार्क के लेक प्लेसिड में तीसरे शीतकालीन ओलंपिक का शुभारंभ। |
| 1948 | श्रीलंका को ब्रिटिश शासन से मुक्ति मिली। |
| 1965 | अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। |
| 1976 | अमेरिकी देशों ग्वाटेमाला और होंडुरस में आये भीषण भूकंप में 22000 लोगों की मौत। |
| 1978 | जूलियस जयवर्धने द्वारा श्रीलंका के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण। |

# देश की पेपर मेशी वस्तुएं विदेशों में अत्यधिक लोकप्रिय



**पन्नालाल मेघवाल**
वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार

**जब लुगदी सूखने लगती है, तो वह इच्छित आकार ग्रहण करते हुए धीरे- धीरे साँचे की दीवार को छोड़ देती है। साँचे में ढ़ाली गई वस्तु जब पूरी तरह सूख जाती है, तो उसे सेंड पेपर या सरेस कागज से हल्के हल्के हाथ से रगड़ा जाता है**

पेपरमेशी वस्तुओं के लिए यद्यपि कश्मीर प्रसिद्ध है, लेकिन अब प्रायः सभी राज्यों में ये वस्तुएँ बनाई जाती हैं। बिहार में बनी पेपरमेशी बस्तुएँ विदेशों तक निर्यात की जाती हैं। विदेशों में पेपरमेशी की वस्तुएँ अत्यधिक लोकप्रिय हैं। इन वस्तुओं का निर्माण बहुत कम खर्च एवं परिश्रम से घर पर भी किया जा सकता है। पेपरमेशी से वस्तुएँ बनाने में डिजाइन का बहुत महत्त्व है। यह सर्वप्रथम मिट्टी या प्लास्टर ऑफ पेरिस से तैयार किये जाते हैं, इन्हें मॉडल कहते हैं। इनके लिए साँचे मुख्यतः मिट्टी, प्लास्टर ऑफ पेरिस या रबड़ के बनाये जाते हैं। प्लास्टर ऑफ पेरिस के साँचे कम खर्च में आसानी से बन जाते हैं।


हस्तशिल्पों में पेपरमेशी वस्तुओं की निर्माण कला का विशेष महत्त्व है। पेपरमेशी से मुख्यतः नृत्य एवं नाटकों में पहने जाने वाले मुखौटे, खिलौने, छोटे बड़े सजावटी बक्से तथा घर की सजावट के उपयोग में आने वाली वस्तुओं का निर्माण किया जाता है। बड़ी कला प्रदर्शनियों में पेपर मेशी से बनी शिल्प कृतियों का भी बड़ा महत्त्व है। पेपर मेशी निर्माण में रद्दी कागज को कम से कम पन्द्रह दिन तक पानी में भिगोकर रखा जाता है। इन पन्द्रह दिनों की अवधि में कम से कम दो बार पानी को बदला जाता है। पन्द्रहवें दिन कागज को पानी से निकाल कर अच्छी तरह निचोड़ लिया जाता है। इसके बाद लकड़ी से बनी थापी से पीट-पीट कर उसकी लुगदी तैयार की जाती है। एक किलो रद्दी कागज को पानी में भिगोया गया हो तो उसमें आधा किलो खड़िया या चाइना क्ले का पाउड़र, पानी में फुलाया हुआ 100 ग्राम बबूल का गोंद तथा 100 ग्राम चिकनी मिट्टी मिलाकर लकड़ी की थापी से अच्छी तरह कूटा जाता है। कुछ समय तक कूटने के बाद यह मिश्रण बिल्कुल मिट्टी की तरह हो जायेगा जिसे काम में लिया जाता है। जिस प्रकार रोटी बनाने के लिए लोई को उचित आकार दिया जाता है, उसी प्रकार लुगदी को भी लकड़ी की थापी से खड़िया के छिड़के हुए पाउड़र पर रूप दिया जाता है। इस रूप को साँचे पर रखकर दोनों हाथों के अंगूठों से हल्के से साँचे के अन्दर दबाया जाता है। दबाने में इस बात का ध्यान रखा जाता हैं कि लुगदी को इतना अधिक नहीं दबाया जाता है जिससे कि वह पतली हो जाय तथा साँचा टूट जाय। इस साँचे को लगभग चार-पाँच घण्टे हल्की धूप में सुखाया जाता है। जब लुगदी सूखने लगती है, तो वह इच्छित आकार ग्रहण करते हुए धीरे-धीरे साँचे की दीवार को छोड़ देती है। साँचे में ढ़ाली गई वस्तु जब पूरी तरह सूख जाती है, तो उसे सेंड पेपर या सरेस कागज से हल्के हल्के हाथ से रगड़ा जाता है, जिससे वह वस्तु चिकनी हो जाती है। इसके बाद फ्लेट ब्रश से इन वस्तुओं से इच्छित रंगों से रंगा जाता है। इन वस्तुओं को रंगने के लिए मुख्यतया पाउड़र रंग, पोस्टर रंग एवं एनामल आदि रंगों का उपयोग किया जाता है। पेपर मेशी या कागज से निर्मित कला को हर जगह बहुत सरलता से आम आदमी द्वारा बनाया जाता है, जिससे यह एक लोकप्रिय कला है। इसका सृजनात्मक एवं व्यावसायिक दोनो रूपों में उपयोग किया जाता है। सृजनात्मक रूप में इसका उपयोग प्रयोगवादी शिल्प निर्माण द्वारा किया जाता है। व्यावसायिक रूप में यह कला सजावट की वस्तुओं, मुखौटो तथा घरेलू उपयोग के छोटे बड़े बर्तन बनाने हेतु आम जनता में अत्यधिक लोक प्रिय है।



हैल्थ संवाददाता

**स्वास्थ्य ही धन है, ऐसे में आप किस तरह के आहार का सेवन करते हैं, उसपर आपका स्वास्थ्य निर्भर करता है। शाकाहारी भोजन आपको न केवल स्वस्थ रखता है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। शाकाहारी भोजन के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करता आलेख। सच में यह कहा जाये, तो बिल्कुल गलत नहीं होगा, कि व्यक्ति का शरीर केवल शाकाहार भोजन खाने के लिए बना है। शाकाहार में शरीर के लिए जरूरी आयरन, प्रोटीन, फैट्स, विटामिन्स आदि होते हैं। लेकिन लोगों को यह लगता है कि नॉनवेज में प्रोटीन ज्यादा होता है, इसलिए नॉनवेज खाना चाहिए, लेकिन यह सही नहीं है। शाकाहार के सेवन से भी प्रोटीन की जरूरत को पूरा किया जा सकता है।**

## संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम



शाकाहारी भोजन में रेशे यानी फाइबर बहुतायत में पाये जाते हैं। इसमें विटामिन व लवणों की मात्र भी अपेक्षाकृत ज्यादा होती है। शाकाहारी भोजन में पानी की मात्र भी ज्यादा होती है, जिससे मोटापा कम होता है। मांसाहार की तुलना में शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्र कम होती है, जिससे यह हृदय रोगों की आशंका को कम करता है। अनाज, फली, फल व सब्जियों में रेशे व एंटीऑक्सीडेंट ज्यादा होते हैं, जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को दूर रखने में सहायक होते हैं।

## शाक से मिलता है प्रोटीन




शाकाहारी होना कतई हानिकारक नहीं है। मांसाहारियों को शरीर के लिए जरूरी तत्व जो मांस से मिलते हैं, वही जरूरी तत्व शाकाहारियों को कई प्रकार के शाक से मिलते हैं। प्रोटीन जो मछली, मांस और अंडे से प्राप्त होता है, वह वनस्पति से भी प्राप्त होता है।

## बनो शाकाहारी हो जाओ दीर्घायु

मानव शरीर के कार्य करने के लिए ऐसा कोई पौष्टिक व जरूरी तत्व नहीं है, जो वनस्पतियों से प्राप्त नहीं किया जा सकता। फोलेट के अत्यधिक मात्र में होने के कारण और न्यून मात्र में सैचुरेटेड फैट, कोलेस्ट्रॉल व एनिमल प्रोटीन मात्र के कारण शाकाहारी भोजन हमें खतरनाक और सामान्य रोगों से बचाता है।

## कौन सा विटामिन पाएं कहां से



**विटामिन 'ए':** (1) हरी सब्जियां (2) मक्खन (3) क्रीम (4) गाय का दूध (5) काडलिवर आयल

**विटामिन बी 1:** (1) गेहूं (2) ताजे मटर (3) अंकुरित बीज (4) सेम (5) खमीर आदि।

**विटामिन बी2:** (1) अंडा (2) टमाटर (3) दूध (4) खुमानी (5) हरी सब्जियां।

**विटामिन बी 6:** (1) अनाज के दाने (2) मछली (3) मांस (4) खमीर (5) चावल (6) फलियां

**विटामिन बी 12:** (1) हरी सब्जियां (2) दालें (4) अनाज (5) खमीर आदि।

**विटामिन सी:** (1) बंदगोभी (2) शलगम (3) सादे रसदार फल (4) टमाटर (5) नींबू आदि।

**विटामिन- डी:** (1) दूध (2) काड लिवर आयल (3) पनीर (4) घी (5) मक्खन


**विटामिन ई:** (1) गेहूं के अंकुर (2) पालक (3) हरी सब्जियां (4) बंदगोभी (5) टमाटर आदि।

## किसके लिये कौन सा विटामिन है फायदेमंद

- हमें आंखों के लिये विटामिन 'ए' तथा 'सी' की आवश्यकता है।
- मसूड़ों तथा दांतों की मजबूती के लिये विटामिन सी चाहिए।
- पाचन शक्ति बढ़ाने तथा हृदय को मजबूत करने के लिए विटामिन बी चाहिए।
- फेफड़ों की प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिये विटामिन 'डी' की आवश्यकता होती है।
- बार-बार खांसी जुकाम हो तो विटामिन 'ए' लीजिए।
- पिण्डलियों का भारीपन तथा पांव का दर्द दूर करने के लिये विटामिन 'बी' चाहिए।
- खून की कमजोरी दूर करने के लिये विटामिन सी की आवश्यकता होती है।
- शरीर की हड्डियां टेढ़ी-मेढ़ी न हों, इसके लिए विटामिन 'डी' का सेवन करें।

# शाकाहार

*शतम् जीवेत् सुखम् जीवेत्*



**1977 से अमेरिका में विश्व शाकाहार दिवस मनाने की शुरूआत की**

**शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है।**

## शाकाहार से रक्तचाप रहता है सामान्य

इस संस्था के शोधकर्ताओं का मानना है कि शाकाहारियों के रक्त में यूरिक एसिड का मात्रा कम होती है। इससे रक्तचाप सामान्य रहता है, जबकि मांसाहारियों में इसकी अधिकता पायी जाती है। शाकाहार के बारे में कुछ जाने-माने सितारों का भी मत सकारात्मक है।

## विश्व प्रसिद्ध शाकाहारी

विश्व के प्रसिध्द महापुरुष शाकाहारी थे, जिनमें सर आईजक न्यूटन, टॉलस्टाय, मिल्टन, अरस्तु, बर्नार्ड शा आदि के नाम प्रमुख हैं। शाकाहार ने ही उनके बंद ज्ञान की पंखुड़ियों को खोलने में मदद की। महान वैज्ञानिक एलबर्ट आइन्सटाईन का कथन आज भी सत्य है। शाकाहार का हमारी प्रकृति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इससे तो इंसान का भाग्य पलट सकता है। कैंसर एंड अदर डिसीज फ्राम मीट कन्जंम्पशन पुस्तक के लेखक लियोनार्डो ब्लानचे ने कैंसर के अनेक मरीजों का इलाज किया है। उन्होंने पाया कि कुल संख्या का एक तिहाई भाग जिस कैंसर से पीड़ित मिला है, वह पेट का कैंसर ही था। उनके अनुसार, पेट में पूरी तरह न पचने राले खाद्य पदार्थों से ऐसा संभव हुआ है। मांस ऐसा भोजन है जो देर से पचता है, जबकि शाकाहार करने वाले ऐसी शिकायतें कम करते हैं।

## शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता

आर्थिक दृष्टि से शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता पड़ता है। शाकाहारी भोजन चाहे जितना ही भारी हो, लेकिन मांस से पहले पचता है। यह भूख को पूर्ण रूप से तृप्त करता है। इससे मोटापा आने के आसार बहुत कम होते हैं। शाकाहारी के शरीर में रक्त के संचार की गति तेज होती है। शाकाहार की महत्ता को गास्पल आफ जीसस क्राइस्ट में भी बताया गया है कि यदि तुम शाकाहारी भोजन को नियमित अपनाओगे तो तुम्हें नया जीवन व शक्ति मिलेगी।

मांसाहारी जिन मांस को खाते हैं, वह न जाने कैसे पशुओं का होता हैं। शहर में घूमते इन आवारा पशुओं को अनेक बीमारियां घेरे रहती हैं। जब इन्हें काटा जाता है तो क्या इनके शरीर की जांच की जाती है?

## मांसाहार मानव शरीर को करता विकृत

मांसाहार अवश्य ही मानव शरीर को विकृत करता है। शाकाहार वास्तव में मनुष्य के मन और शरीर को सुदृढ़ बनाता है। अत: निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि हर हाल में शाकाहार मांसाहार की अपेक्षा अत्यन्त लाभदायक होता है, फिर मनुष्य को प्रकृति में रहने की आदत है तो उसी के अनुरूप आचरण भी करना चाहिए।

## लहसुन उच्च रक्तचाप में राहत देता है

लहसुन सर्दियों से दुनिया भर में अनेक लोगों के भोजन का अंग रहा है, जो लोग इसे पसंद करते हैं, उनका कहना है कि लहसून से खाने का मजा बढ़ जाता है, लेकिन दुनिया के कई समाज इसे खाना अच्छा नहीं समझते, शायद तीखी गंध के कारण। आयुर्वेद में लहसुन का गुण-गान किया गया है। अब तो आधुनिक चिकित्सा पध्दति के विशेषज्ञ भी कई बीमारियों में इसे कारगर मानने लगे हैं। दमा, बहरेपन, खांसी-जुकाम, पेट में कीड़े आदि में लहसुन लेने की सलाह दी जाती है। छाती के रोगों में और सर्दी लग जाने पर लहसुन की दूध में उबाल कर लेना चाहिए। तपेदिक के मरीजों के लिए भी लहसुन बहुत मुफीद है। लहसुन की कली को पीसकर 250 ग्राम दूध में धीमी आंच पर उबालिये। एक चौथाई दूध रह जाने पर यह दवा बन जाएगी। इसे दिन में तीन बार लेना चाहिए। सुबह-सबेरे खाली पेट लहसुन की एक-दो कलियों को जरा-सा कूट कर पानी में निगल जाइए। उच्च रक्तचाप और पेट की बीमारियों में फायदा होगा। आंतों में जमा विषैला तत्व नष्ट हो जाता है।

लहसुन का सबसे बड़ा अवगुण इसकी बू है। जो लोग लहसुन नहीं ले सकते, वे लहसुन के कैप्सूल ले सकते हैं, जो बाजार में उपलब्ध हैं। लहसुन गुणों का भंडार है, लेकिन कुछ लोगों को नुकसान कर सकता है। इसकी तासीर गर्म होती है। जिनकी पाचन शक्ति कुछ ज्यादा ही गड़बड़ हो, गर्म चीजें खाने से जिनको तकलीफ बढ़ जाती है, उन्हें लहसुन से परहेज करना चाहिए।

# शाकाहार पूर्ण पौष्टिक भोजन है

हैल्थ संवाददाता

**आज की भौतिक दौड़ में हमने अपने खान-पान को भुला दिया है। आज कई लोग मांसाहारी हो गये हैं। संभवत: यही कारण है कि नयी-नयी बीमारियों का जन्म हो गया है। हमारा शरीर प्राकॉतिक तत्वों से मिलकर बना है। अत: मनुष्य को वही जन करना चाहिए, जिसमें सात्विक गुण हो, क्योंकि शरीर किसी बाह्य तत्व का बोझ सहन नहीं कर सकता। अब हमारा पौष्टिक भोजन क्या हो? विशेषज्ञों के अनुसार शाकाहार ही पौष्टिक भोजन है।**



शाकाहारी भोजन में उचित मात्रा में शक्तिवर्ध्दक तत्व होते हैं। शाकाहारी भोजन स्वस्थ, सबल और दीर्घायु बनाता है,जबकि मांसाहारी व्याधियों से घिरसे होते हैं। शाकाहार के संबंध में अनेक शोध भी होचुके हैं। इसका परिणाम स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक ही पाया गया है। शाकाहारी मांसाहारियों की अपेक्षा सहनशील, शक्तिशाली और परिश्रमी होते हैं। इसके अलावा शाकाहारी भोजन का रासायनिक विश्लेषण मांसाहारी भोजन से कई मायनों में अधिक होता है। जैसे प्रति सौ ग्राम अंडों का विश्लेषण करने पर 13.3 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 13.3 फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.0 प्रतिशत मिनरल्स व 173 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है, जबकि प्रति सौ ग्राम सोयाबीन से 43.3 प्रतिशत प्रोटीन, 20.9 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 19.5 प्रतिशत फैट, 3.7 प्रतिशत फाइबर, 4.6 प्रतिशत मिनरल्स और 432 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। ऐसे प्रति सौ ग्राम बकरे का मांस 21.4 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 23.6 प्रतिशत फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.1 प्रतिशत मिनरल्स, 118 कैलोरी ऊर्जा रखता है, जबकि प्रति सौ ग्राम मोट से 23.6 प्रतिशत प्रोटीन, 56.5 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट, 1.1 प्रतिशत फैट, 4.5 प्रतिशत फाइबर और 330 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है।

## मछली में है प्रचूर मात्रा में प्रोटिन

इसी प्रकार मछली की अनेक किस्मों में प्रति सौ भाग रासायनिक पौष्टिकता इस प्रकार है- प्रोटीन 8.9 से 76.1 प्रतिशत, फाइबर 0 प्रतिशत, मिनरल्स 0 से 27.5 प्रतिशत और ऊर्जा 59 से 413 कैलोरीज, जबकि मूंगफली व तरबूज के सौ ग्राम बीजों की पोषकता यूं हैं- 26.2 से 34.1 प्रतिशत प्रोटीन, 26.7 से 45 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 39.8 से लेकर 52.6 प्रतिशत फैट, 0.8 से लेकर 3.1 प्रतिशत फाइबर, 1.6 से लेकर 25 प्रतिशत मिनरल्स और 470 से लेकर 628 कैलोरी ऊर्जा।

## हरी सब्जियां में है विटामिन्स की खान

अब देखें फाइबर मांस में बिल्कुल नहीं है, जबकि रोगों से लड़ने की ताकत यही जुटाता है। इसके विपरीत हर शाकाहारी भोजन में फाइबर की उपस्थिति निश्चित है। इसके अतिरिक्त हरी सब्जियां तो विटामिन्स की खान है अगर कुछ विटामिन्स रह भी जाएं तो इसकी पूर्ति, दूध, दही व मक्खन से की जा सकती है। शाकाहार के संबंध में अमेरिका में हुए एक अध्ययन से पता चला है कि जो अमेरिका महिलाएं शाकाहारी होते हैं उन्हें छाती का कैंसर कभी न होने की संभावना होती है। शाकाहार में अंगूर, पपीते व हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने वालों को भोजन नली का कैंसर बहुत कम होने का खतरा रहता है। शाकाहार के संबंध में जर्मनी की इंस्टीट्यूट आफ सोशियल मेडिसन एंड एपिडेमिचोलोजी द्वारा भी सर्वेक्षण किये जा चुके हैं।





# कैंसर को दूर रखने के लिए शाकाहार अपनायें

कई अध्ययनों से पता चला है कि शाकाहारी लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मांस खाने वाले लोगों की तुलना में मजबूत होती है। वहीं शाकाहारी लोगों को दिल से जुड़ी बीमारियां, कैंसर और मोटापा जैसी बीमारियां भी कम होती हैं। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। तो चलिये विस्तार से जानें कि शाकाहार कैसे हमें कैंसर व अन्य घातक बीमारियों से दूर रख सकता है।

## पौष्टिकता का खजाना है शाकाहार

शाकाहारी भोजन मनुष्य को फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों के साथ कैंसर जैसी घातक बीमारियों को दूर रखने में मदद करता है। एक सर्वे के दौरान मिले तथ्यों के मुताबिक जानकार बताते है कि शरीर के लिए शाकाहारी खाना सबसे अच्छा है। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। सर्वे के मुताबिक शाकाहारी खाने में कोलेस्ट्राल नहीं होता और वसा भी कम होती है और यह कैंसर के खतरे को 40 फीसद कम करता है। शाकाहारी खाने में सोया दूध, अनाज, फल, सब्जियां, बादाम और जूस हमारी रोजमर्रा की विटामिन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, प्रोटीन की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। जानकारों का मानना है कि शाकाहारी लोग फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों से जल्दी प्रभावित नहीं होते हैं। मांसाहारी लोगों को शाकाहारी खाना खाने वालों की तुलना में मोटे होने का खतरा नौ गुना ज्यादा होता है।

# दिग्गजों पर भारी पड़े युवा, यशस्वी की अगुवाई में दिखाया कि अनुभव सब कुछ नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारत की हार के बाद टीम की बल्लेबाजी पर सवाल उठे थे लेकिन दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में टीम के युवा बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन किया। इस श्रृंखला के दौरान यशस्वी जायसवाल ने खुद को आक्रामक सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्थापित किया और लगातार दो दोहरे शतक जड़कर इस 22 साल के खिलाड़ी ने साबित किया कि वे लंबी रेस के घोड़े हैं। राजकोट में उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत में धैर्य से बल्लेबाजी की और क्रीज पर समय बिताने के बाद बेखौफ होकर बड़े शॉट लगाए। अनुभवी जेम्स एंडरसन के खिलाफ तीन छक्के उनके आत्मविश्वास की कहानी बयां करते हैं। उन्होंने दिखाया कि वह जरूरत के मुताबिक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों शैली में सहजता से खेल सकते है।

## जायसवाल ने दो दोहरे शतक जड़ साबित किया कौशल

### सरफराज, जुरेल ने किया प्रभावित

राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने भी अपने खेल से प्रभावित किया। सरफराज ने दोनों पारियों में अर्धशतक जड़कर टीम में शामिल होने का जश्न मनाया तो वहीं जुरेल ने पहली पारी में 46 रन बनाकर बेहतर बल्लेबाजी का सबूत दिया। जुरेल को हालांकि स्पिनरों की मददगार पिचों पर अपने विकेटकीपिंग कौशल को थोड़ा और निखारने पर काम करना होगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन से प्रभावित दिखे। उन्होंने यशस्वी, सरफराज और ध्रुव की तस्वीर को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, 'ये आजकल के बच्चे।'



### स्पिनरों को धूना

लंबे समय से राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे सरफराज को दिग्गज विराट कोहली और लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में जब मौका मिला तो उन्होंने अपनी पारी की पहली ही गेंद से पूरा आत्मविश्वास दिखाया। यह लंबे समय से घरेलू क्रिकेट में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का परिणाम था। भारतीय बल्लेबाज आम तौर पर स्वीप शॉट खेलने से बचते हैं लेकिन सरफराज ने अपने ज्यादातर रन इसी शॉट पर बनाए। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ इस शॉट का प्रभावी इस्तेमाल किया।

### विकेट पर मजबूत निगाहें

जुरेल विकेटकीपर के तौर पर पहली पारी में स्पिनरों के खिलाफ कई बार असहज दिखे लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने अच्छी वापसी की। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को उन्होने शानदार प्रयास के साथ रन आउट किया।



### बुमराह को मिलेगा विश्राम राहुल की वापसी संभव

भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ 23 फरवरी से रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच से विश्राम मिल सकता है जबकि जांघ की मांसपेशियों में चोट से उबर कर लोकेश राहुल टीम में वापसी कर सकते हैं। पांच मैचों की इस श्रृंखला में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम तीन मैचों में 17 विकेट है। भारतीय टीम रांची में श्रृंखला जीतने के लिए अच्छी स्थिति में है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो घरेलू टीम को सात मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुमराह की सेवाओं की काफी जरूरत होगी।

### इंग्लैंड के पूर्व कप्तानों ने 'बैजबॉल' रणनीति की बखिया उधेड़ी

'यह स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में सबसे खराब हार थी और इसने उनकी रणनीति को उजागर किया। वे हर मौके पर आक्रामक नहीं हो सकते, उन्हें अपने लम्हों को चुनना होगा।'
- माइकल वॉन

'बैजबॉल आक्रामक होने के बारे में है लेकिन यह दबाव झेलने के बारे में भी है।'
- नासिर हुसैन

'जब उन्होंने एजबेस्टन में पहली गेंद पर यह शॉट खेला तो मुझे बिल्कुल भी आपत्ति नहीं हुई क्योंकि सब इस बात पर निर्भर था कि इंग्लैंड उस दिन दबदबा बनाने के लिए कितने रन बनाने वाला था। इसने ड्रेसिंग रूम में सभी को संदेश भेजा कि इंग्लैंड का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने जा रहा है। रूट आज रात अपने कमरे में बैठकर सोचेगा 'मुझे लगता है कि मैंने वहां गलती की है'।
- एलिस्टेयर कुक

## खबर संक्षेप



### मुझे संन्यास शब्द पसंद नहीं : लैनिंग

**बेंगलुरु।** मेग लैनिंग को 'संन्यास' शब्द पसंद नहीं है लेकिन ऑस्ट्रेलिया की यह पूर्व कप्तान चकाचौंध से दूर खुश हैं और महिला प्रीमियर लीग सहित दुनियाभर की फ्रेंचाइजी आधारित क्रिकेट लीग में अपने जुनून को आगे बढ़ा रही हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए 132 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 3405 रन बनाने वाली लैनिंग ने पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने पिछले साल डब्लूपीएल के पहले टूर्नामेंट में दिल्ली कैपिटल्स की अगुआई की और नौ मैच में 345 रन के साथ टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर रहीं।

### पंजाब के 'राज्य आइकन' बने क्रिकेटर शुभमन

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल को 'राज्य आइकन' बनाया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने सोमवार को बयान में कहा कि गिल विभिन्न अभियान का हिस्सा बनेंगे जिनका लक्ष्य मतदाताओं के बीच जागरूकता पैदा करना है जिससे कि मतदान प्रतिशत 70 प्रतिशत के आंकड़े को पार कर सके। निर्वाचन अधिकारियों ने 'इस बार 70 पार' का लक्ष्य बनाया है। पंजाब में 2019 के लोकसभा चुनावों में 13 सीटों के लिए 65.96 प्रतिशत मत पड़े थे।



### दीया, घोष की विदेश में ट्रेनिंग को मंजूरी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल ने टेबल टेनिस खिलाड़ियों दीया चितले और स्वस्तिका घोष को शीर्ष स्तर की ट्रेनिंग के लिए क्रमशः दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा करने की अनुमति दे दी है। दीया जहां शिन मिन सुंग के मार्गदर्शन में दक्षिण कोरिया के पाजू-सी में ट्रेनिंग करेंगी तो वहीं स्वस्तिका जापान के ओसाका में कियू जियान शिन से ट्रेनिंग लेंगी।



## विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप

# भारत ने उज्बेकिस्तान को दी मात, हारी पुरुष टीम

**महिला टीम ने 3-0 से दर्ज की जीत**
**अर्चना ने रिमा को, मनिका ने मारखाबो को और दीया ने रोजालिना को हराया**

एजेंसी ▶▶| बुसान

भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को यहां उज्बेकिस्तान को हराया लेकिन पुरुष टीम को मेजबान दक्षिण कोरिया के खिलाफ लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला को आराम दिए जाने के बावजूद भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी। अर्चना कामत और दिया चितले ने मौके का फायदा उठाते हुए अपने मुकाबले जीते जबकि टीम की सीनियर साथी मनिका बत्रा ने भी जीत दर्ज करते हुए भारत को 3-0 से जीत दिलाई।

अर्चना ने रिमा गुफ्रानोव को 11-7, 11-3, 11-6 से शिकस्त दी जबकि मनिका ने मारखाबो मेगदिएवा को 11-7, 11-4, 11-1 से हराया। दीया ने कड़े मुकाबले में रोजालिना खादजिएवा को 11-6, 10-12, 11-4, 11-6 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। चीन के खिलाफ 2-3 की हार के साथ अपना अभियान शुरू करने वाली भारतीय महिला टीम लगातार दो जीत के बाद ग्रुप एक में दूसरे स्थान पर चल रही है। ग्रुप एक के अपने अंतिम मुकाबले में टीम मंगलवार को स्पेन से भिड़ेगी। टीम ने पिछले मैच में हंगरी को 3-2 से हराया था।



### पुरुष वर्ग में अनुभवी खिलाड़ी शरत, हरमीत और साथियान हारे

पुरुष वर्ग में अनुभवी शरत कमल, मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई और जी साथियान अपने-अपने एकल मुकाबले हार गए जिससे भारत को तीसरे वरीय कोरिया के खिलाफ ग्रुप चरण के अपने तीसरे मुकाबले में 0-3 से एकतरफा हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 67वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हरमीत को दुनिया के 14वें नंबर के जैंग वूजिन के खिलाफ 4-11, 10-12, 8-11 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद साथियान दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी लिम जोंगहून के खिलाफ 5-11, 7-11, 7-11 से हार गए जिससे भारत 0-2 से पिछड़ गया। शरत ने ली सैन सु के खिलाफ दूसरा गेम जीता लेकिन लय बरकरार रखने में नाकाम रहे और उन्हें 9-11, 11-8, 6-11, 5-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

**यूनाईटेड की चौथी जीत**

## होलुंड ने सिर्फ 37 सेकंड में दागे सबसे तेज गोल



एजेंसी ▶▶| लुटोन

रासमुस होलुंड के शुरुआती सात मिनट में दागे दो गोल की मदद से मैनचेस्टर यूनाईटेड ने रविवार को यहां लुटोन को 2-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज की।

होलुंड ने सिर्फ 37 सेकेंड में पहला गोल दागा जो यूनाईटेड के इतिहास में विरोधी के मैदान पर सबसे तेज गोल है। उन्होंने सातवें मिनट में दूसरा गोल करके यूनाईटेड की बढ़त दोगुनी की। होलुंड लगातार छह मैच में गोल दाग चुके हैं। लुटोन के लिए कप्तान कार्लटन मौरिस ने 14वें मिनट में हैडर से गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। लुटोन को बराबरी हासिल करने में कई मौके मिले लेकिन टीम इनका फायदा नहीं उठा सकी। इंजरी टाइम में टीम का एक शॉट क्रॉसबार से भी टकराया। होलुंड अपने शुरुआती 14 लीग मैच में यूनाईटेड के लिए गोल दागने में नाकाम रहे थे लेकिन पिछले छह मैच में सात गोल कर चुके हैं। डेनमार्क का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी प्रीमियर लीग में लगातार छह मैच में गोल करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी है। उन्होंने जो विलोक के रिकॉर्ड को तोड़ा।

### बायर्न म्यूनिख की लगातार तीसरी हार

**बर्लिन।** बायर्न म्यूनिख को रविवार को यहां लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा जब बोकुम ने बुंदेसलिगा फुटबॉल मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 11 बार के गत चैंपियन को 3-2 से हराया। इस हार के बाद बायर्न म्यूनिख की टीम शीर्ष पर चल रहे बायर्न लिवरकुसेन से आठ अंक पीछे है जबकि 12 दौर का खेल बाकी है। बायर्न म्यूनिख को पिछले सप्ताहांत लीवरकुसेन में 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी जबकि चैंपियंस लीग में लाजियो ने भी उसे हराया।

## घरेलू क्रिकेट के 5 दिग्गजों ने किया संन्यास का ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले पांच दिग्गज खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी के इस सत्र के समापन के साथ ही खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है। इन खिलाड़ियों में बंगाल के दिग्गज मनोज तिवारी, झारखंड के बल्लेबाज सौरभ तिवारी और तेज गेंदबाज वरुण आरोन, मुंबई के धवल कुलकर्णी और विदर्भ के रणजी ट्रॉफी विजेता कप्तान फैज फजल शामिल हैं।

इन सभी खिलाड़ियों ने संन्यास लेने के अलग-अलग कारण बताए हैं जिनमें इंडियन प्रीमियर लीग का अनुबंध नहीं होना तथा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद समाप्त होना है। इन कारणों से ये खिलाड़ी दूसरे काम या फिर राजनीति से जुड़ना चाहते हैं। आरोन, मनोज और फजल ने उसी मैदान पर अपने कॅरियर को अलविदा कहा जिसमें उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। इन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट में निश्चित तौर पर कमी खलेगी।



### हमारा टीम संतुलन बेहतर हुआ है : मंधाना

*नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि नये खिलाड़ियों को शामिल करने के बाद उनकी टीम का संतुलन काफी बेहतर हुआ है और इससे उन्हें 23 फरवरी से शुरू होने वाले महिला प्रीमियर लीग के दूसरे सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। आरसीबी के लिए पहला सत्र निराशाजनक रहा था तथा उसे अपने आठ मैचों में से छह मैच में हार का सामना करना पड़ा था। उसकी टीम पांच टीमों वाली प्रतियोगिता में चौथे नंबर पर रही थी। दूसरे सत्र के मैच नयी दिल्ली और बेंगलुरु में खेले जाएंगे।*

### रियल को रेयो ने बराबरी पर रोका...



**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग में रविवार को यहां रेयो वालेकानो ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया जबकि अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया ने अनचाहा रिकॉर्ड बनाया जब वह ला लिगा में लगातार 28 मैच जीतने में नाकाम रहने वाली पहली टीम बना। अल्मेरिया ने ग्रेनाडा से 1-1 से ड्रॉ खेला। टीम मौजूदा सत्र में लगातार 25वां मैच जीतने में नाकाम रही जबकि पिछले सत्र में भी अपने अंतिम तीन मुकाबले नहीं जीत पाई थी।

### केकेआर में गस की जगह चमीरा शामिल

*नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के विकल्प के तौर पर सोमवार को श्रीलंका के दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल किया। आईपीएल आयोजकों ने बयान में कहा कि चमीरा 50 लाख रुपए की आधार कीमत पर केकेआर से जुड़े हैं। श्रीलंका का यह तेज गेंदबाज 2018 और 2021 सत्र में क्रमशः राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का हिस्सा रह चुका है। चमीरा ने 2022 सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स का प्रतिनिधित्व किया और 12 मैच में नौ विकेट चटकाए।*

**चार दिन चले ग्रेपलिंग टूर्नामेंट के विजेताओं को ट्राफी, मेडल देकर किया गया सम्मानित**

# ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग में चैंपियन बनी जेजेटीयू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/झुंझुनूं



**समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में यूनिवर्सिटी प्रेजीडेंट व डायरेक्टर एस्टेट ने किया सम्मान**

अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ व श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबड़ेवाला यूनिवर्सिटी कैम्पस में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग टूर्नामेंट में मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं महिला व पुरूष वर्ग में पहले स्थान पर रहते हुए ओवरऑल चैंपियन बनी। विजेताओं को यूनिवर्सिटी प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल व डायरेक्टर एस्टेट इंजीनियर बालकृष्ण टिबड़ेवाला ने ट्राफी सौंपी। चार दिन चले ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग टूर्नामेंट 2023-24 में पुरूष वर्ग में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं 79 अंक के साथ पहले स्थान पर, माधव यूनिवर्सिटी पिंडवाड़ा 22 अंक के दूसरे स्थान पर, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी बरेली 21 अंक के साथ तीसरे व देश भगत यूनिवर्सिटी खन्ना, पंजाब 19 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही। इसी प्रकार महिला वर्ग में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं 77 अंक के साथ पहले स्थान, देश भगत यूनिवर्सिटी खन्ना, पंजाब 26 अंक के साथ दूसरे स्थान पर, वीएनएसजी यूनिवर्सिटी सूरत 13 अंक के साथ तीसरे स्थान पर व चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी 11 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही।खेल निदेशक डॉ अरुण कुमार ने बताया कि पुरूष वर्ग में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने 6 गोल्ड मेडल, 14 सिल्वर मेडल, माधव यूनिवर्सिटी पिंडवाड़ा ने 2 गोल्ड मेडल, 3 सिल्वर मेडल, 3 ब्रांज मेडल, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी बरेली ने 3 गोल्ड मेडल, 1 सिल्वर मेडल व 3 ब्रांज मेडल जीते। इसी प्रकार महिला वर्ग में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने 8 गोल्ड मेडल, 7 सिल्वर मेडल जीते, जबकि देश भगत यूनिवर्सिटी खन्ना, पंजाब ने 5 गोल्ड मेडल व 1 ब्रांज मेडल, वीएनएसजी यूनिवर्सिटी सूरत ने 1 गोल्ड मेडल, 2 सिल्वर मेडल व 2 ब्रांज मेडल जीते।प्रख्यात कलाकार अमित ढुल ने प्रस्तुति देकर खिलाड़ियों का मनोरंजन किया। इस मौके पर रजिस्ट्रार डॉ अजीत कुमार, परामर्श समिति सदस्या डॉ मधु गुप्ता, डीन एकेडमिक्स डॉ रामदर्शन फौगाट, मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ अनिल कड़वासरा, डॉ सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### गुलवीर ने एशियाई इंडोर चैंपियनशिप में 3000 मीटर में स्वर्ण पदक जीता

**तेहरान।** गुलवीर सिंह ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन 3000 मीटर की दौड़ जीतकर एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाया। गुलवीर ने 8 मिनट 07.48 सेकेंड का समय लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया। किर्गिस्तान के केनेशबेकोव नूरसुल्तान (8:08.85) और ईरान के जलील नासेरी (8:09.39) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। इससे पहले दिन में अंकिता ने महिलाओं की 3000 मीटर दौड़ में 9:26.22 के समय के साथ रजत पदक जीता। गुलवीर से पहले शनिवार को तेजिंदर पाल सिंह तूर ने गोला फेंक, ज्योति याराजी ने 100 मीटर बाधा दौड़ और हरमिलन बैंस ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने इस तरह से प्रतियोगिता में चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीता।

### अनुश ने भारत के लिए ओलंपिक कोटा हासिल किया

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अनुश अग्रवाल ने घुड़सवारी की ड्रेसेज स्पर्धा में देश के लिए पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने सोमवार को इसकी घोषणा की। पिछले साल एशियाई खेलों में ऐतिहासिक व्यक्तिगत ड्रेसेज में कांस्य जीतने वाले अनुश ने एफईआई के चार स्पर्धाओं व्रोकला, पोलैंड (73.485%), क्रोनेनबर्ग, नीदरलैंड्स (74.4%), फ्रैंकफर्ट जर्मनी (72.9%) और मेकलेन, बेल्जियम (74.2%) में अपने प्रदर्शन के आधार पर यह कोटा हासिल किया।

## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक रबड़ क्षेत्र के सतत विकास योजना की राशि बढ़ी



**नई दिल्ली।** सरकार ने अगले दो वित्त वर्षों (2024-26) के लिए प्राकृतिक रबड़ क्षेत्र के लिए सतत विकास योजना की राशि को बढ़ाकर 708.69 करोड़ रुपये कर दिया है। सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने यह जानकारी दी। रबड़ बोर्ड इस योजना के तहत उत्पादकों को नए रोपण और पुराने पौधों के पुनर्रोपण के लिए सब्सिडी देता है।

### फ्यूचर कंज्यूमर डिबेंचर भुगतान करने में चूकी



**नई दिल्ली।** फ्यूचर कंज्यूमर लिमिटेड (एफसीएल) सीडीसी इमर्जिंग मार्केट्स को कंपनी द्वारा जारी गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के मूलधन और ब्याज के रूप में 132.97 करोड़ रुपये का भुगतान करने में चूक गई है। एफसीएल ने 32.97 करोड़ रुपये की ब्याज राशि और 100 करोड़ रुपये की मूल राशि के भुगतान में चूक की थी।

### इरेडा, पीएनबी हरित ऊर्जा क्षेत्र को करेंगे वित्तपोषण

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी इरेडा और पंजाब नेशनल बैंक ने साथ मिलकर हरित ऊर्जा परियोजनाओं का वित्तपोषण करने के लिए एक समझौता किया है। 'भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी और पीएनबी ने देशभर में नवीकरणीय ऊर्जा पहल को आगे बढ़ाने के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।'

### चीनी उत्पादन घटकर 2.236 करोड़ टन रहाः इस्मा



**नई दिल्ली।** देश का चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 फरवरी तक 2.48 प्रतिशत घटकर 2.236 करोड़ टन रह गया। एक साल पहले समान अवधि में यह 2.293 करोड़ टन था। इस्मा के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, चालू 2023-24 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर 3.305 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष में 3.662 करोड़ टन था।

### पेटीएम के शेयर में पांच प्रतिशत का उछाल




**नई दिल्ली।** पेटीएम ब्रांड का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर में सोमवार को पांच प्रतिशत का उछाल आया। बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयर क्रमशः पांच प्रतिशत चढ़कर 358.55 रुपये और 358.35 रुपये पर पहुंच गए। हालांकि, इस आदेश को बाद में 15 मार्च तक बढ़ा दिया गया।

### सोना 250 रुपए चमका चांदी 500 रुपए फिसली



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोना 250 रुपये चढ़कर 62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु का भाव 62,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी 500 रुपये कमजोर होकर 76,000 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर आ गई। सोने का हाजिर भाव (24 कैरेट) 250 रुपये बढ़कर 62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल रहा है।'

# अकेले भारत के टाटा समूह ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- टाटा ग्रुप का मार्केट कैप 365 बिलियन डॉलर (30.30 लाख करोड़ रुपए) है

अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। लेकिन क्या आपको पता है कि अकेले टाटा ग्रुप ने पूरे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ दिया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार टाटा ग्रुप का मार्केट कैप 365 बिलियन डॉलर या 30.30 लाख करोड़ रुपए है। वहीं, आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान की जीडीपी 341 बिलियन डॉलर की है। यानी एक अकेला टाटा ग्रुप, पाकिस्तान की इकनॉमी से बड़ा है। सोने से लेकर सॉफ्टवेयर तक कारोबार करने वाले टाटा ग्रुप में एक से बढ़कर एक कंपनियां हैं। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की वैल्यूएशल 15 लाख करोड़ रुपए यानी 170 बिलियन डॉलर है। यह भारत की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है। तो वहीं पाकिस्तान की आधी अर्थव्यवस्था टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के बराबर है।

## आईएमएफ रिपोर्ट के अनुसार पाक की जीडीपी 341 मिलियम डॉलर की है

### 3 कंपनियां जल्द ला सकती हैं आईपीओ

टाटा कैपिटल का आईपीओ अगले साल लांच हो सकता है। अनलिस्टेड मार्केट में कंपनी की वैल्यू 2.7 लाख करोड़ रुपए बताई जा रही है। वहीं, 11 लाख करोड़ रुपए के मार्केट वैल्यू वाली कंपनी टाटा संस का आईपीओ 2025 सितंबर में आ सकता है। टाटा प्ले ने पहले ही आईपीओ के लिए सेबी के पास आवेदन कर दिया है। हालांकि, टाइमलाइन के विषय में जानकारी बाहर नहीं आ सकी है।




### पाक इस समय कर्ज से जूझ रहा

दूसरी तरफ पाकिस्तान इस समय कर्ज से जूझ रहा है। पाकिस्तान के ऊपर कर्ज और कुल देनदारी मिलाकर 125 बिलियन डॉलर है। वहीं, फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व लगभग 8 बिलियन डॉलर का ही है। सरकार को इस साल अपने रेवन्यू में 50 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ कर्ज के ब्याज को चुकाने के लिए खर्च करना होगा।

### भारत के मुकाबले 11 गुना छोटी पाक की अर्थव्यवस्था

भारत के मुकाबले पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था 11 गुना छोटी है। मौजूदा समय में देश के जीडीपी लगभग 3.7 बिलियन डॉलर की है। माना जा रहा है कि भारत वित्त वर्ष 2028 तक जापान और जर्मनी को पछाड़ कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मौजूदा समय में भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

### ये कंपनियां बाजार में नहीं हैं लिस्टेड

टाटा ग्रुप की कंपनियां शेयर बाजार में लिस्टेड नहीं है। इनमें टाटा संस, टाटा कैपिटल, टाटा प्ले, टाटा एडवांस सिस्टम और एयर इंडिया, विस्तारा है। अगर ये कंपनियां शेयर बाजार में डेब्यू करती हैं तो टाटा ग्रुप का मार्केट कैप 160 बिलियन डॉलर से 170 बिलियन डॉलर बढ़ सकता है।

## विपक्षी दलों के नेताओं को पांच माह पहले भेजे गए थे हैकिंग अलर्ट

# आईफोन के हैकिंग अलर्ट पर एप्पल का जवाब पूरी तरह साफ नहीं : चंद्रशेखर

- सरकार कंपनी की तरफ से स्पष्ट जवाब का इंतजार कर रही
- एप्पल ने दिए संदेश में नेताओं को एलर्ट किया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को आईफोन विनिर्माता एप्पल की तरफ से पांच महीने पहले भेजे गए हैकिंग संबंधी अलर्ट पर अभी भी कंपनी की तरफ से स्पष्ट जवाब का इंतजार कर रही है।

एप्पल ने इस संदेश में विपक्षी नेताओं को आगाह किया था कि कथित तौर पर सरकार-समर्थित हैकर उनके फोन की हैकिंग के प्रयास कर रहे हैं। इस पर सरकार की तरफ से एप्पल से कुछ स्पष्टीकरण मांगा गया था।

### एप्पल से पूछे गए दो सवाल

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बातचीत में कहा कि सरकार ने एप्पल से दो सवाल पूछे हैं। पहला सवाल उनके उपकरणों के सुरक्षित होने से संबंधित है जबकि दूसरा सवाल विपक्षी सदस्यों को अलर्ट भेजने की वजह से जुड़ा है।



### क्या कंपनी का फोन असुरक्षित है

चंद्रशेखर ने कहा, 'मेरी राय में यह ऐसी बात नहीं है जिसे कोई भी मंच कमजोरियां होने पर भी पूरी तरह से स्वीकार करेगा। किसी भी मंच में इस बात से इनकार करने की प्रवृत्ति होती है कि उनके सुरक्षा कवच को भेदा जा सकता है।' चंद्रशेखर ने कहा, 'हम कंपनी से एक स्पष्ट सवाल पूछ रहे हैं कि क्या आपका फोन असुरक्षित है? इसका जवाब पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है।'



### जवाब एप्पल को देना है क्योंकि फोन उनका है

शिवसेना (उद्धव गुट) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा, एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के कुछ सहयोगियों को भी इस तरह की सूचना मिली थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, जब ये आरोप लगाए गए थे, उसी दिन हमने स्पष्ट तौर पर कहा था कि इसका जवाब एप्पल को देना है क्योंकि इसमें उनका फोन शामिल है।

### सरकार के पास शोध व विकास क्षमता नहीं

हमारे पास यह समझने के लिए सरकार में शोध एवं विकास क्षमता नहीं है कि उसके ऑपरेटिंग सिस्टम आईओएस में क्या है और क्या नहीं है। इसके साथ ही चंद्रशेखर ने कहा कि कंप्यूटर सुरक्षा संबंधी घटनाओं के घटित होने पर प्रतिक्रिया देने के लिए गठित राष्ट्रीय नोडल एजेंसी सर्ट-इन (इंडियन कंप्यूटर एमरजेंसी रिस्पांस टीम) ने कंपनी को इस जांच में एक पक्ष बनाया है।

### फोन को नियंत्रित करने व हैकिंग की चेतावनी दी गई

अक्टूबर में विपक्षी दलों के कई नेताओं ने दावा किया था कि उन्हें एप्पल से एक अलर्ट मिला है जिसमें राज्य-प्रायोजित हमलावरों द्वारा उनके आईफोन को दूर से ही नियंत्रित करने की कोशिश और सरकार की तरफ से कथित हैकिंग की चेतावनी दी गई।

### दावा करने वाले नेता

एप्पल की तरफ से यह अलर्ट पाने का दावा करने वाले नेताओं में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता शशि थरूर, पवन खेड़ा, के सी वेणुगोपाल, सुप्रिया श्रीनेत, टी एस सिंहदेव और भूपिंदर एस हुडा शामिल हैं। इनके अलावा तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी हैकिंग अलर्ट मिलने की बात कही थी।

*एप्पल से ईमेल का नहीं मिला कोई जवाब : इस संबंध में एप्पल को पक्ष रखने के लिए भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। इस बीच चंद्रशेखर ने इन आरोपों को नकार दिया कि सरकार किसी भी तरह से लोगों की गोपनीयता का उल्लंघन करने या भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को खत्म करने की कोशिश कर रही है।*

# आने वाले महीनों में रेपो दर में कटौती की उम्मीद : गोयल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- महंगाई को काबू में रखने आरबीआई कर सकता है कटौती
- रेपो दर फरवरी 2023 से 6.5 फीसदी के उच्चस्तर पर बनी हुई है

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भरोसा जताया कि मुद्रास्फीति के काबू में आने के साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नीतिगत दर में कटौती करेगा।

नीतिगत दर रेपो फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। आरबीआई महंगाई को काबू में लाने के लिए रेपो दर का उपयोग करता है। गोयल ने कहा कि देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत है और महंगाई नियंत्रण में है। गोयल ने कहा कि भारत में 10 साल की औसत महंगाई दर करीब 5 से 5.5 प्रतिशत रही है। यह सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला दशक था और इसके कारण, ब्याज दर में उल्लेखनीय रूप से कमी आई और केंद्रीय बैंक मजबूत हुआ तथा अब वह ब्याज दर को नीचे लाने की क्षमता रखता है। वाणिज्य मंत्री ने कहा, 'बेशक पिछले डेढ़ साल में, यूक्रेन-संकट के बाद, ब्याज दर में फिर से 2.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन अब जब मुद्रास्फीति काफी हद तक नियंत्रण में है, मुझे उम्मीद है कि ब्याज दर की स्थिति पलटेगी और जल्दी ही इसमें कमी आएगी।

भले ही ब्याज दर में यह कमी अगली मौद्रिक नीति समीक्षा में हो या फिर उसके बाद वाली दूसरी मौद्रिक नीति समीक्षा में।'

यदि रिजर्व बैंक रेपो दर में कटौती करता है, तो कंपनियों और व्यक्तियों दोनों के लिए कर्ज लेने की लागत कम हो जाएगी और फलतः ईएमआई (कर्ज की मासिक किस्त) कम होगी।

### खाद्य वस्तुओं के दाम घटने से महंगाई हुई कम

मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं के दाम में कमी से थोक महंगाई दर कम हुई है। गोयल ने 19 लातिनी और कैरेबियाई देशों के 35 पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि सरकार का 2047 तक 30,000 अरब डॉलर से 35,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है जो अभी 3,700 अरब डॉलर है।

# डीपफेक से निपटने एमसीए व मेटा ने की साझेदारी

*एआई से उत्पन्न गलत सूचना को रोकना*
*मिसइनफॉर्मेशन कॉम्बैट अलायंस के अध्यक्ष भरत गुप्ता ने कहा कि 'डीपफेक विश्लेषण इकाई' (डीएयू) भारत में सोशल मीडिया तथा इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के बीच एआई से उत्पन्न गलत सूचना के प्रसार को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




- तथ्य जांच के लिए हेल्पलाइन उपलब्ध कराने की घोषणा की

मिसइनफॉर्मेशन कॉम्बैट अलायंस (एमसीए) और मेटा ने व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इसका मकसद डीपफेक और एआई-जनित भ्रामक सामग्रियों से निपटना है। यह सेवा मार्च, 2024 में जनता के लिए उपलब्ध होगी।

डीपफेक पर नकेल कसने का संकल्प ऐसे समय में आया है जब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र आम चुनाव की तैयारी कर रहा है। इस साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने हैं। एक बयान के अनुसार, एमसीए और मेटा कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करके बनाई गई सामग्री से निपटने के प्रयास के तहत व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन शुरू करने पर काम कर रहे हैं। कृत्रिम मेधा (एआई) से बनी सामग्री सार्वजनिक हित के मामलों में लोगों को धोखा दे सकती है। ऐसी सामग्री को आमतौर पर डीपफेक कहा जाता है। इस सेवा का मकसद लोगों को सत्यापित और विश्वसनीय जानकारी से जुड़ने में सहायता करना है। बयान के मुताबिक, यह सेवा मार्च, 2024 से उपलब्ध होगी।

## पावर ग्रिड पारेषण पर 656 करोड़ रुपए निवेश करेगी



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल ने देश में बिजली पारेषण परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 656 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी है। कंपनी ने सोमवार को बीएसई को दी सूचना में कहा, '...उसके निदेशक मंडल और परियोजना निवेश पर निदेशकों की समिति ने 18 फरवरी, 2024 को आयोजित अपनी-अपनी बैठकों में निवेश को मंजूरी दे दी। निदेशक मंडल ने 514.66 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ 'यूनिफाइड लोड डिस्पैच एंड कम्युनिकेशन' (यूएलडीसी) चरण- तीन के कार्यान्वयन को मंजूरी दे दी। इसे 15 नवंबर, 2025 तक चालू किये जाने का लक्ष्य है। इसके अलावा, परियोजना निवेश पर निदेशकों की समिति ने 141.09 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से भिवानी में 765/400 केवी, 1500 एमवीए (मेगा वोल्ट एम्पीयर) ट्रांसफार्मर (चौथे) की क्षमता बढ़ाने को मंजूरी दे दी।

# टीवीएस मोबिलिटी का मित्सुबिशी कॉर्प के साथ संयुक्त उद्यम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- सहयोग के तहत शुरुआत में 300 करोड़ का निवेश
- निवेश का मकसद यात्री कारों, वाणिज्यिक वाहनों का उत्पादन बढ़ाना

टीवीएस मोबिलिटी ने भारत में व्यापक वाहन परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के लिए जापानी समूह मित्सुबिशी कॉरपोरेशन के साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित किया है। मित्सुबिशी कॉरपोरेशन (एमसी) इस सहयोग के तहत शुरुआत में 300 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। टीवीएस मोबिलिटी की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस निवेश का मकसद यात्री कारों, वाणिज्यिक वाहनों और सामग्री प्रबंधन उपकरण (एमएचई) के संबंध में दोनों पक्षों के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना है। बयान के अनुसार, इस कारोबारी मॉडल में अगले तीन से पांच वर्षों में दो अरब डॉलर का राजस्व हासिल करने की क्षमता होगी। टीवीएस मोबिलिटी के निदेशक आर. दिनेश ने कहा, 'टीवीएस मोबिलिटी ने भारत में अपने डीलरशिप व्यवसाय के जरिए वाहन बाजार की बिक्री, सेवा और वितरण में अग्रणी भूमिका निभाई है। एमसी के साथ यह सहयोग टीवीएस को संपूर्ण वाहन पारिस्थितिकी तंत्र के लिए समाधानों की एक श्रृंखला प्रदान करने में सक्षम बनाएगा।'

**भारतीय बाजार में पकड़ बनाने कंपनी संबंध बढ़ा रही**
मित्सुबिशी कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (ऑटोमोटिव एंड मोबिलिटी ग्रुप) के शिगेरू वाकाबायाशी ने कहा कि तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार में पकड़ बनाने के लिए कंपनी टीवीएस मोबिलिटी समूह के साथ अपने संबंधों को बढ़ा रही है। इसमें बिक्री के बाद सेवा प्रदाता टीवीएस ऑटोमोबाइल सॉल्यूशंस (टीएएसएल) में निवेश भी शामिल है।

# ओएनजीसी का मुंबई हाईः 50 साल बाद भी बुलंद हैं इरादे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- भारत का प्रमुख और सबसे बड़ा तेल क्षेत्र है
- ज्यादातर क्षेत्रों से अब उत्पादन बंद हो चुका है

भारत के प्रमुख और सबसे बड़े तेल क्षेत्र मुंबई हाई की खोज 50 साल पहले आज के दिन हुई थी। इसके साथ शुरू होने वाले ज्यादातर क्षेत्रों से आज की तारीख में उत्पादन बंद हो चुका है,लेकिन अरब सागर में स्थित मुंबई हाई के इरादे अभी भी बुलंद हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने इस क्षेत्र की स्वर्ण जयंती मनाने के लिए मुंबई में एक समारोह का आयोजन किया। कंपनी ने कहा, 'पिछले 50 वर्षों में मुंबई हाई ने 52.7 करोड़ बैरल तेल और 221 अरब घनमीटर गैस का उत्पादन किया है, जो अबतक देश के घरेलू उत्पादन का लगभग 70 प्रतिशत है।' मुंबई हाई फील्ड (पहले बॉम्बे हाई फील्ड) भारत के पश्चिमी तट से अरब सागर में लगभग 160 किलोमीटर दूर स्थित है। इसकी खोज फरवरी 1974 में रूसी और भारतीय टीम ने की थी। इस क्षेत्र में 21 मई, 1976 को उत्पादन शुरू हुआ था। शुरुआत में प्रतिदिन 3,500 बैरल तेल का उत्पादन होता था और तीन साल के भीतर यह 80,000 बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया।

### 1978 में समुद्री पाइप लाइन बिछाई गई थी

क्षेत्र से तेल को मुंबई की रिफाइनरियों तक ले जाने के लिए 1978 में एक उप-समुद्री पाइपलाइन बिछाई गई थी। उससे पहले तक कच्चा तेल टैंकरों में भेजा जाता था। इसके बाद 1989 में इस क्षेत्र से तेल उत्पादन बढ़कर 4,76,000 बैरल प्रतिदिन और 28 अरब घनमीटर गैस प्रतिदिन तक पहुंच गया। उसके बाद से उत्पादन में धीरे-धीरे गिरावट देखी जा रही है।

### प्रति दिन 1,35,000 बैरल तेल का उत्पादन

इस समय मुंबई हाई से प्रति दिन लगभग 1,35,000 बैरल तेल और 13 अरब घनमीटर गैस का उत्पादन हो रहा है। तेल और गैस उत्पादन में गिरावट के कारण पुनर्विकास योजनाएं शुरू की गईं। पिछले कुछ वर्षों में मुंबई हाई के पास चार पुनर्विकास योजनाएं हैं, जिनमें अरबों डॉलर का निवेश किया गया है।

# सेंसेक्स 281 अंक चढ़ा, निफ्टी नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- शेयर बाजार में पांचवें दिन तेजी
- वित्तीय व एफएमसीजी शेयरों में रही तेजी

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार पाचवें दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 281 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी नये शिखर पर पहुंच गया।

वित्तीय और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार लाभ में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 281.52 अंक की बढ़त के साथ 72,708.16 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 17 लाभ में जबकि 13 नुकसान में रहे। निफ्टी भी 81.55 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 22,122.25 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी के 27 शेयर लाभ में रहे, जबकि 23 में गिरावट रही। एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा, 'कुल मिलाकर धारणा सकारात्मक लग रही है। इससे निफ्टी के 22,500 से 22,600 जाने की संभावना है।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, मारुति सुजुकी, आईटीसी और नेस्ले प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ एलएंडटी, विप्रो, इंडसइंड बैंक और टीसीएस तथा टाटा मोटर्स नुकसान में रहीं।

## सप्ताह में तीन दिन ऑफिस से काम करना किया अनिवार्य

# ऑफिस आएं वरना नौकरी छोड़ दें, टेक कंपनियों ने बढ़ाई सख्ती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- कोविड के बाद लॉकडाउन में हर कंपनी ने वर्क फ्रॉम होम शुरू किया था



कोविड 19 महामारी के बाद लगे लॉकडाउन ने हर कंपनी को वर्क फ्रॉम होम शुरू करने पर मजबूर कर दिया था। कंपनियों के लिए काम जारी रखने, अपने कर्मचारियों की सुरक्षा और बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए घर से काम कराना एक जरूरी विकल्प बन गया था। मगर, अब कोविड 19 के लगभग खत्म हो जाने के बाद एक-एक करके सभी कंपनियां लोगों को वापस ऑफिस बुलाने लगी हैं। इनमें दिग्गज टेक कंपनियां टीसीएस, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीस, गूगल और अमेजन शामिल हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि कर्मचारी वापस ऑफिस आकर काम नहीं करना चाहते हैं। इसके चलते अब कंपनी ने सख्ती करने का फैसला किया है। इन कंपनियों ने वर्क फ्रॉम ऑफिस पॉलिसी लाने के पीछे बेहतर टीम वर्क, कर्मचारियों की बेहतरी, इनोवेशन और ऑफिस कल्चर को बढ़ावा देने को कारण बताया है।

### हर तिमाही 39 दिन ऑफिस से काम करें

टेक कंपनी आईबीएम ने अमेरिकी कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वह ऑफिस लौटें वरना नौकरी छोड़ दें। जनवरी में कंपनी ने हफ्ते में तीन दिन काम करने का निर्देश दिया था। उधर, डेल ने हाइब्रिड वर्क पॉलिसी लागू की है। इसमें एम्प्लॉईज को हर तिमाही 39 दिन ऑफिस से काम करना होगा। छोटे लेवल पर काम कर रहे लोग वर्क फ्रॉम होम जारी रख सकते हैं। मगर, उन्हें भी प्रमोशन में दिक्कत आएगी। फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स ने भी 3 दिन का नियम जारी करते हुए चेतावनी दी है कि इसका पालन न करने वालों को नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा।

*इंफोसिस ने महीने में 10 दिन का नियम लागू किया*
*इंफोसिस ने अपने कर्मचारियों से कहा है कि वो हर महीने में कम से कम 10 दिन ऑफिस से काम करें। विप्रो ने भी हफ्ते में तीन दिन का नियम लागू कर दिया है। गूगल ने कर्मचारियों की अटेंडेंस पर नजर रखना शुरू कर दिया है। कंपनी ने उन्हें हर दूसरे दिन ऑफिस आने को कहा है। ईकॉमर्स कंपनी अमेजन ने एम्प्लॉईज को धमकी दी है कि अगर वो ऑफिस वापस नहीं लौटे तो उनका प्रमोशन नहीं किया जाएगा। हालांकि, कंपनी ने फिलहाल 3 दिन का ही नियम बनाया है।*

### कम से कम 3 दिन वर्क फ्रॉम ऑफिस के निर्देश

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने मार्च 31 तक सभी कर्मचारियों को कम से कम 3 दिन वर्क फ्रॉम ऑफिस करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी है कि ऐसा न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उधर, एचसीएल ने भी 19 फरवरी से कम से कम 3 दिन वर्क फ्रॉम ऑफिस को आवश्यक कर दिया है।

# बर्फबारी से गंगोत्री और बद्रीनाथ धाम का मौसम हुआ सुहाना

**देहरादून।** उत्तराखंड में सोमवार को मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया। गंगोत्री और बद्रीनाथ धाम में बारिश के साथ बर्फबारी हुई। बर्फ की सफेद चादरों ने वादियों को ढंक लिया। बद्रीनाथ धाम में रविवार से बर्फबारी का दौर जारी है। बारिश के साथ हुई बर्फबारी से तापमान गिर गया। मैदानी इलाकों में भी असर देखा गया। लोगों को ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग ने 18 से 20 फरवरी तक 2500 मीटर से 3500 मीटर की ऊंची पहाड़ियों पर बर्फबारी का पूर्वानुमान लगाया था। मौसम विभाग ने उत्तरकाशी, चमोली, चंपावत, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, नैनीताल के लिए चेतावनी जारी की थी जो सही साबित हुई।



## खबर संक्षेप

### सिलचर में खुलेगा बांग्लादेश का वीजा केंद्र



**सिलचर।** गुवाहाटी में बांग्लादेश के सहायक उच्चायुक्त रुहुल अमीन ने कहा कि असम की बराक घाटी के तीन जिलों कछार, करीमगंज और हैलाकांडी से बांग्लादेश के लिए वीजा की काफी मांग है। इसलिए अब यहां एक वीजा केंद्र खोलने का फैसला लिया गया है। बता दें, सिलचर कछार जिला मुख्यालय है। अमीन ने कहा कि कटिगोराह के हरिनगर पार्ट-2 में बॉर्डर मार्केट शुरू करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया जाएगा और उम्मीद है कि जल्द ही सकारात्मक परिणाम आएगा। अमीन ने कहा कि फिलहाल केंद्र के खोलने की तारीख तय नहीं की गई है।

### द्विवेदी थल सेना के उपप्रमुख नियुक्त



**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने 19 फरवरी 2024 को थल सेना के उपप्रमुख का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर, लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और साउथ ब्लॉक लॉन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। थल सेना के उपप्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी बेहद चुनौतीपूर्ण परिचालन माहौल में 2022-2024 तक उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के पद पर कार्यरत थे। सैनिक स्कूल, रीवा के पूर्व छात्र रहे हैं।

### डॉन बलाज टीपू की गोली मारकर हत्या



**लाहौर।** लाहौर के अंडरवर्ल्ड और माल परिवहन नेटवर्क के मालिक अमीर बलाज टीपू की 18 फरवरी को एक अज्ञात हमलावर ने गोली मारकर हत्या कर दी। अमीर बलाज रविवार को को चुंग इलाके में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था, इसी दौरान हमलावर ने बलाज समेत तीन लोगों पर गोली चला दी। अमीर बलाज के पिता आरिफ अमीर उर्फ टीपू ट्रकानवाला साल 2010 में अल्लामा इकबाल हवाई अड्डे पर एक घातक हमले का शिकार हो गए थे, गोलीबारी के दौरान लगी चोटों के कारण आरिफ अमीर की भी मौत हुई थी। उनके दादा की भी हत्या हुई थी।

---

एस जयशंकर ने म्यूनिख में फिलिस्तीन के विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी से की मुलाकात और कहा

# भारत कई दशकों से फिलिस्तीन मुद्दे के 'दो राज्य समाधान' के पक्ष में, यही रुख कायम

## मानवीय कानून का पालन करना इजराइल का अंतरराष्ट्रीय दायित्व

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने रविवार को म्यूनिख में फिलिस्तीन के विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी से मुलाकात की और गाजा की स्थिति पर चर्चा की।

जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 16 से 18 फरवरी तक आयोजित किया गया। सम्मेलन ने फरवरी 2024 में सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा के लिए दुनिया भर के वरिष्ठ निर्णय निर्माताओं और विचारकों को इकट्ठा किया है।

जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत कई दशकों से फिलिस्तीन मुद्दे के दो-राज्य समाधान पर जोर दे रहा है। बल्कि इसे पहले की तुलना में अधिक जरूरी मान रहा है।

### इजराइल नागरिक हताहतों के प्रति सचेत रहे



### गाजा की मौजूदा स्थिति पर चर्चा

जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि फिलिस्तीनी मंत्री रियाद अल-मलिकी को देखकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि गाजा की मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कहा कि भारत कई दशकों से फिलिस्तीन मुद्दे के दो-राज्य समाधान पर जोर दे रहा है। जयशंकर ने रेखांकित किया कि बढ़ती संख्या में देश अब न केवल फिलिस्तीन मुद्दे के दो-राज्य समाधान का समर्थन कर रहे हैं। बल्कि इसे पहले की तुलना में अधिक जरूरी मान रहे हैं।

### हमास ने किए आतंकवादी हमले

एस जयशंकर ने पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइली शहरों पर किए गए हमलों को "आतंकवाद" बताया। उन्होंने कहा कि मानवीय कानून का पालन करना इजराइल का अंतरराष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि इजराइल को नागरिक हताहतों के प्रति बहुत सचेत रहना चाहिए था।

### म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में लिया भाग

विदेश मंत्री इस समय प्रतिष्ठित सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए जर्मनी के म्यूनिख में हैं। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 2024 दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा चुनौतियों पर उच्च स्तरीय बहस के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। बता दें कि तीन दिन का म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 18 फरवरी तक आयोजित किया गया। इस वर्ष का सम्मेलन पूर्व अमेरिकी राजदूत क्रिस्टोफ क्रिस्टोफ हेस्जेन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था।

### *1963 में आयोजित हुआ था पहला सम्मेलन*

*बता दें, यह सम्मेलन पहली बार 1963 में आयोजित किया गया था और तब से यह अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक बन गया है। यह सम्मेलन म्यूनिख, जर्मनी में होता है और आम तौर पर राज्य के प्रमुखों, रक्षा मंत्रियों, विदेश मंत्रियों और अन्य प्रभावशाली लोग इसमें भाग लेते हैं।*

*वाल्ड वॉन क्लिस्ट द्वारा इसकी स्थापना के छह दशक बाद, एमएससी ने फरवरी 2024 में सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा के लिए दुनिया भर के वरिष्ठ निर्णय निर्माताओं और विचारकों को इकट्ठा किया है।*

---

संदेशखाली पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# संसद की विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा सांसद सुकांत मजूमदार की शिकायत पर लोकसभा सचिवालय की विशेषाधिकार समिति ने पश्चिम बंगाल के कुछ अधिकारियों को नोटिस जारी किया था। इसी मामले में राज्य सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिस पर शीर्ष अदालत ने समिति की कार्यवाही पर रोक लगा दिया। राज्य के अधिकारियों की ओर से अदालत में वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी पेश हुए। सिब्बल ने कहा कि राजनीतिक गतिविधियां विशेषाधिकार का हिस्सा नहीं हो सकती हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं की दलीलों का संज्ञान लिया और सोमवार सुबह साढ़े दस बजे पेश होने के लिए जारी नोटिसों पर रोक लगा दी।

### चार सप्ताह में जवाब दें

पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार को लोकसभा सचिवालय की आचार समिति ने सोमवार को पेश होने के लिए समन जारी किया था। पीठ ने लोकसभा सचिवालय और अन्य को नोटिस जारी किया और चार सप्ताह के भीतर उनसे जवाब मांगा और इस बीच निचले सदन की समिति के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगा दी। सांसदों से दुर्व्यवहार के मामले में शिकायत मिलने पर लोकसभा सचिवालय की विशेषाधिकार आचार समिति ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और संबंधित जिले के डीएम एसपी और थानाध्यक्ष को समन जारी कर 19 फरवरी को पेश होने का आदेश दिया था।

### यह एक नियमित प्रक्रिया

आचार समिति के वकील ने शीर्ष अदालत द्वारा नोटिस पर रोक लगाए जाने का विरोध किया और कहा कि यह विशेषाधिकार समिति की पहली बैठक है। अधिकारियों पर किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया गया है। यह एक नियमित प्रक्रिया है। एक बार जब कोई सांसद नोटिस भेजता है और विधानसभा अध्यक्ष सोचते हैं कि मामले में आगे जांच की जा सकती है तो नोटिस जारी किए जाते हैं।

---

बॉम्बे हाई कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

# कोचर और उनके पति की गिरफ्तारी सत्ता का दुरुपयोग

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बॉम्बे हाई कोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को 'सत्ता का दुरुपयोग' करार दिया है। कोर्ट ने कहा कि दिसंबर 2022 में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) द्वारा की गई दोनों की गिरफ्तारी बिना सोचे-समझे हुई।

अदालत ने दंपति को दी गई अंतरिम जमानत की पुष्टि करते हुए अपने आदेश में यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति अनुजा प्रभुदेसाई और न्यायमूर्ति एनआर बोरकर की खंडपीठ ने 6 फरवरी 2024 को कोचर दंपत्ति की गिरफ्तारी को अवैध ठहराया था। और जनवरी 2023 में एक अन्य पीठ द्वारा उन्हें जमानत देने के अंतरिम आदेश की पुष्टि की थी।

सोमवार को उपलब्ध कराए गए आदेश के अनुसार, अदालत ने कहा कि सीबीआई उन परिस्थितियों या सहायक तथ्यों के अस्तित्व को दिखाने में असमर्थ रही है, जिसके आधार पर गिरफ्तारी का निर्णय लिया गया था।

### आरोपियों को चुप रहने का अधिकार

अदालत ने कहा कि सोच-विचार किए बिना और कानून का उचित सम्मान किए बिना इस तरह की नियमित गिरफ्तारी शक्ति का दुरुपयोग है। अदालत ने जांच एजेंसी की इस दलील को भी मानने से इनकार कर दिया कि गिरफ्तारी इसलिए की गई क्योंकि कोचर जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे और कहा कि आरोपियों को पूछताछ के दौरान चुप रहने का अधिकार है। आदेश में कहा गया है कि चुप रहने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 20(3) से निकलता है, जो आरोपी को आत्म-दोषारोपण के खिलाफ अधिकार देता है। यह कहना पर्याप्त है कि चुप रहने के अधिकार के इस्तेमाल को जांच में असहयोग के रूप में नहीं देखा जा सकता।

---

# पीएम मोदी ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति को जीत पर दी बधाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति प्रोबोओ सुबियांतो को बधाई दी। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया, "सफल राष्ट्रपति चुनाव और नेतृत्व में प्रबोवो सुबियांतो के लिए इंडोनेशिया के लोगों को बधाई। भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए नए राष्ट्रपति के साथ काम करने को उत्सुक हूं।"

---

पाक सुप्रीम कोर्ट में चुनाव रद्द करने की लगाई याचिका

# याचिकाकर्ता सुनवाई के दौरान रहा गैरहाजिर, कोर्ट ने लगाई फटकार

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद




पाकिस्तान में चुनाव संपन्न हो गए। मतदान के 10 दिन बाद भी यह स्पष्ट नहीं है कि केंद्र में कौन सी पार्टी सरकार बनाएगी। इसी बीच पाकिस्तान के एक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी ने इस संबंध में पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। हालांकि याचिका लगाने के बाद वह खुद ही सुनवाई के दौरान गैरहाजिर रहा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई और पूर्व वरिष्ठ सैन्य अधिकारी को नोटिस जारी किया।

### सुप्रीम कोर्ट का गलत इस्तेमाल नहीं होने देंगे

पीठ में न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली भी शामिल थे। अदालत ने कहा, "क्या याचिका केवल प्रचार के लिए दायर की गई थी? इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। हम उच्चतम न्यायालय का गलत तरीके से इस्तेमाल नहीं होने देंगे।"

---

भविष्य के युद्धों की तैयारी के लिए हवाई खतरों से बचाव करेंगे

# 1,770 लड़ाकू वाहन भारतीय सेना में जल्द होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना भविष्य को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक युद्धक वाहन और तकनीक को लेकर काफी सतर्क है और इसके लिए बड़ी खरीदारी की योजना बना रही है।

2030 तक भारतीय सेना के बेड़े से टी-72 टैंक की जगह ऐसे ही अत्याधुनिक तकनीक से सुज्जित युद्धक वाहन लेंगे। सेना को ऐसी खरीदारी के लिए मंजूरी भी मिली है। सूत्रों के अनुसार यूक्रेन युद्ध में रूसी टैंकों की ड्रोन और एंटी टैंक मिसाइल, अत्याधुनिक नेक्स्ट जेनरेशन लाइट एंटी टैंक हथियार के जरिए हुआ नुकसान खराब रणनीति के कारण हुआ था। भारतीय सेना अब इन चीजों से सीख लेकर एक महाबली युद्धक वाहन खरीदने की तैयारी में है।



### एआई तकनीक का होगा इस्तेमाल

एक अधिकारी ने बताया कि भविष्य के लड़ाकू वाहनों एफआरसीवी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ड्रोन इंटीग्रेशन, एक्टिव प्रोटेक्शन सिस्टम जैसी अत्याधुनिक तकनीकें होंगी। भारतीय सेना इस साल स्वदेशी अर्जुन मार्क-1ए टैंकों में से पहले पांच टैंकों को अपनी सेना में शामिल करेगी।

### पूरे दल को भी सुरक्षित रखेंगे

जानकारी के अनुसार भारत भविष्य के टैंक प्रोजेक्टों को हवाई खतरों के साथ ही साथ बेहतर कनेक्टिविटी के साथ अत्यधिक सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। जरूरी सुरक्षा उपाय जैसे ड्रोन से बचाव, न सिर्फ एक-एक टैंक को बल्कि पूरे दल को भी सुरक्षित रखेंगे।

### *चीन पर भी नजर*

*इसके अलावा, ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों के लिए 354 स्वदेशी हल्के टैंकों को 'प्रोजेक्ट जोरवार' के तहत शामिल किया जाएगा, जिसकी लागत लगभग 17,500 करोड़ रुपए होगी। इस टैंक का वजन 25 टन से कम होगा, लेकिन मारक क्षमता और सुरक्षा बहुत ज्यादा होगी। ऐसे टैंकों की जरूरत पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ तनातनी से जरूरी कर दिया है। इन 354 स्वदेशी हल्के टैंकों में से 59 तो रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के लिए रखे गए हैं, बाकी 295 का निर्माण सरकार द्वारा 'मेक-1' श्रेणी के तहत किया जाना है।*

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)